आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

• वर्ष- 16 अंक 263 • कटनी • शनिवार, 29 अक्टूबर, 2022 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • कार्तिक मास शुक्ल पक्ष-5 • विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## भूत-प्रेत का आरोप लगा गांव वालों ने मजदूर को पीट-पीटकर मार डाला

**बोकारो, ईएमएस।** झारखंड के बोकारो से एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। गांव वालों ने मिलकर एक 35 साल के आदमी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। मिली जानकारी के अनुसार, बोकारो के अरमो पंचायत के गंझूडीह गांव में महेश गंझू नाम के आदमी को गांव के लोगों ने रस्सी से बांधकर पीटा। पीटने वालों ने आरोप लगाया कि महेश के ऊपर भूत-प्रेत है। मौत के बाद आरोपियों ने महेश की लाश को जंगल में फेंक दिया। पुलिस ने बताया कि महेश की हत्या के बाद आरोपियों ने ये अफवाह फैला दी कि महेश पंचायती के डर से गांव छोड़कर भाग गया है।

## आग लगने से फसल और ट्रैक्टर हुआ खाक, थ्रेसिंग के दौरान हुए हादसे में तीन लोग झुलसे

**दमोह, यशभारत।** दमोह जिले जिले की ग्राम पंचायत सेहरी में ट्रैक्टर में आग लगने से दो किसान सहित तीन लोग झुलस गए। हादसे में ट्रैक्टर और फसल खाक हो गई। हादसा धान की थ्रेसिंग के दौरान हुआ। कोट खमरिया गांव के रहने वाले नरेंद्र ठाकुर ने बताया कि वह अपना ट्रैक्टर लेकर सेहरी गांव में किसान सरमन यादव और हल्काई यादव की धान की फसल की थ्रेसिंग के लिए गया था। ट्रैक्टर चालू करके खेत की मेड़ पर बैठा था और पांच लोग थ्रेसर में धान डाल रहे थे। करीब दस मिनट बाद ट्रैक्टर में अचानक आग लग गई। ठाकुर ने बताया कि आग की लपटें उठी तो वह ट्रैक्टर पर चढ़ा और आगे बढ़ाने का प्रयास किया तो गियर नहीं लगे और आग पूरे ट्रैक्टर और फसल में लग गई।

# सीएम ने किया 69 स्कूलों का वर्चुअल भूमिपूजन

### रिमोट का बटन दबाकर सीएम राइज स्कूलों के शुरुआत की रखी नींव





**इंदौर,यशभारत।** सीएम राइज योजना के तहत चयनित प्रदेशभर के कुल 72 स्कूलों के नवीन भवनों का भूमिपूजन इंदौर से वर्चुअल तरीके से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया। इस योजना में इंदौर जिले के पांच स्कूलों को शामिल है। शनिवार को अहिल्या आश्रम क्र. 1 में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सीएम राइज स्कूल का भूमिपूजन किया। साथ ही बाकी स्कूलों में भूमिपूजन का कार्यक्रम वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। सीएम ने नवीन शिक्षा कार्यों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान मंत्री तुलसी सिलावट, उषा ठाकुर, विधायक महेंद्र हार्डिया, मालिनी गौड़, रमेश मेंदोला, शंकर लालवानी, स्कूल शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित अन्य लोग भी मौजूद हैं। सीएम ने कन्याओं का पूजन किया गया। उन्हें तिलक लगाकर उपहार दिए गए। सभी अतिथियों को तुलसी का पौधा भेंट किया गया। इंदौर जिले में पांच स्कूलों का प्रस्ताव आ चुका है। निर्माण पर 350 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। कार्यक्रम में काफी संख्या में सरकारी स्कूलों के छात्र मौजूद थे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने छात्रों पर गुलाब की पंखुड़ियों से पुष्प वर्षा भी की । इससे पहले मुख्यमंत्री डेली कॉलेज में युवा के चिंतन शिविर में शरीर के अंदर का सुख और बाहर के सुख को युवाओं के समक्ष प्रस्तुत किया।

### विद्यार्थियों के लिए तमाम सुविधाओं से लैस रहेंगे सीएम राइज स्कूल

मध्य प्रदेश में सीएम स्कूल विद्यार्थियों के लिए कई तरह की सुविधाओं से लैस होंगे। इनमें स्मार्ट क्लास, कम्प्यूटर लैब, संगीत कक्ष, आर्ट एंड क्राफ्ट कक्ष, जिम और एनसीसी भी होंगे। इनमें जिला स्तरीय स्कूलों में स्वीमिंग पूल, डिजिटल स्टूडियो, ट्रेक एंड फील्ड की सुविधा होगी। विद्यार्थियों को घर से लाने ले जाने के लिए वाहन की सुविधा भी दिलाई जाएगी।

### मप्र सरकार धार की वाग्देवी प्रतिमा स्वदेश लाने का करेगी प्रयास

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने डेली कॉलेज में आयोजित यंग थिंकर कॉन्क्लेव में बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश सरकार धार की सुप्रसिद्ध वाग्देवी प्रतिमा को वापस स्वदेश लाने के लिए गंभीरता से प्रयास करेगी।

### बिहार में छठ का प्रसाद बनाते समय फटा गैस सिलेंडर

# 30 से अधिक झुलसे, 10 गंभीर




### 10 को हायर सेंटर रेफर कर दिया

**औरंगाबाद, एजेंसी।** बिहार के औरंगाबाद में गैस सिलेंडर फटने से 7 पुलिसकर्मी समेत 30 लोग झुलस गए हैं। इनमें से 10 की हालत गंभीर है। हादसा शुक्रवार की रात 2.30 बजे हुआ। नगर थाना क्षेत्र के साहेबगंज मोहल्ले के वार्ड नं 24 में अनिल गोस्वामी के घर मे छठ पूजा चल रही थी। परिवार के सभी सदस्य प्रसाद बनाने में जुटे हुए थे। तभी अचानक गैस रिसने से आग लग गई। जिसके बाद मोहल्ले में भगदड़ मच गई। मुहल्ले के लोग आग बुझाने में जुट गए। इसी बीच गश्ती कर रही पुलिस टीम भी वहां पहुंच गई। आग बुझाने के लिए जैसे ही पुलिस वालों ने सिलेंडर पर पानी डाला वो ब्लास्ट कर गया। घर के मालिक अनिल गोस्वामी ने बताया कि रात में हम लोग छत पर थे। मेरी पत्नी छठ पूजा का प्रसाद बना रही थी। हल्ला हुआ कि गैस लीकेज हो रही है। हम जैसे ही नीचे आए तो तब तक आग लग चुकी थी। थोड़ी देर में सिलेंडर में तेज धमाका हो गया। हादसे में घायल पुलिस जवान मोहम्मद मुअज्जम ने बताया कि वो रात की गश्त कर रहे थे। तभी उन्हें सूचना मिली कि वार्ड नं 24 आग लगी है। वो तुरंत उस मोहल्ले की ओर निकले। पहुंचकर देखा तो आग लगी हुई थी। एक पानी के पाइप से जैसे ही आग बुझाने की कोशिश की तो सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया।मोहम्मद मुअज्जम भी इस हादसे में गंभीर रूप से झुलसे हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला सिपाही प्रीति कुमारी डीएपी अखिलेश कुमार जगलाल प्रसाद सैफ जवान मुकुंद राव जगलाल प्रसाद ड्राइवर मोहम्मद मुअज्जम साहेबगंज मुहल्ले के नगर परिषद अध्यक्ष पद प्रत्याशी अनिल ओड़िया, राजीव कुमार, शाब्दिर, असलम, सुदर्शन, अरियन गोस्वामी, छोटू आलम, अनिल कुमार, शाहनवाज सहित करीब 30 से अधिक लोग घायल हो गए। इसमें से करीब 10 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

घटना के बाद सदर अस्पताल में भर्ती लोगो का चिकित्सकों के द्वारा उपचार किया गया। इसके बाद लोग स्थिति अनुसार अपने अपने मरीज को इधर उधर आसपास के निजी अस्पताल एवं गंभीर हालत देखते हुए बाहर ले गए। वहीं सदर सदर अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा 10 घायलों को गंभीर अवस्था में रेफर कर दिया गया। बाकी सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है।वही नगर थाना के एसआई विनय कुमार सिंह में बताया कि आग लगने की सूचना मोहल्लेवासियों के द्वारा प्राप्त हुआ। सूचना पर दल बल के साथ पहुंच और आग बुझाने में जुट गए। लेकिन तभी अचानक जोर से ब्लास्ट हुआ, जिसमें लोग झुलस गए। हालांकि प्रशासन द्वारा अभी घटना के कारण का पुष्टि नही की गई है। लेकिन गृहस्वामी अनिल गोस्वामी का कहना है कि गैस फटने से आग लगी है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## आतंकवाद का मुकाबला हमारी प्राथमिकता

### यूएनएससी में फिर गरजे जयशंकर, पाक पर निशाना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शनिवार को दिल्ली में यूएनएससी की काउंटर टेररिज्म की बैठक में विदेश मंत्री जयशंकर ने एक बार फिर पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का मुद्दा उठाया। जयशंकर ने कहा कि आतंकवाद का मुकाबला हमारी पहली प्राथमिकता है। इससे पहले आईबी अधिकारियों ने पाकिस्तान को लेकर सनसनीखेज दावा किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट से हटाने के बाद भारत में आतंकी हमले की संभावना बढ़ गई है। यूएनएसी में जयशंकर ने आतंकवादी गतिविधियों के लिए विभिन्न तकनीकों के इस्तेमाल से उत्पन्न खतरे के बारे में चेतावनी दी वे अब च्चसस्ता और अधिक आसानी से उपलब्धज्ज हो गए हैं। बैठक को संबोधित करते हुए, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर पाकिस्तान पर निशाना साधा। इससे पहले शुक्रवार को मुंबई के ताज होटल में आयोजित यूएनएससी की काउंटर टेररिज्म की बैठक में जयशंकर ने पाक प्रायोजित आतंकवाद का मुद्दा उठाया था। कहा था कि 14 साल पहले पाकिस्तान की धरती से मुंबई को दहलाया गया। आज तक हमारा टास्क पूरा नहीं हुआ। अभी भी असली साजिशकर्ता पकड़ से बाहर हैं। शनिवार को एक बार फिर जयशंकर ने आतंकवाद पर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पिछले दो दशकों में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के महत्वपूर्ण प्रयासों के बावजूद आतंकवाद का खतरा लगातार बढ़ रहा है। जयशंकर ने कहा कि नई प्रोद्योगिकियों के इस्तेमाल से आतंकवाद लगातार फलता फूल रहा है।

## केंद्र सरकार ने बदली सोशल मीडिया गाइडलाइन




फेक कंटेंट या न्यूज 72 घंटों में हटाना जरूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने आईटी नियमों के मद्देनजर नए सोशल मीडिया दिशा निर्देश घोषित कर दिए हैं। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस ने नए आईटी नियमों और गाइडलाइन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि नए आईटी नियम ज्यादा आसान, सुरक्षित और भरोसेमंद, जवाबदेह होंगे और सुरक्षित इंटरनेट के हमारे लक्ष्यों को साकार करने के लिए अगला कदम हैं। उन्होंने कहा कि नए नियम हमारे हितों को सुरक्षित और भरोसेमंद बनाने में सरकार और इंटरनेट मध्यस्थों के बीच एक नई साझेदारी भी चिह्नित करते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इंटरनेट को सुरक्षित और विश्वसनीय बनाने के लिए यह एक सामान्य लक्ष्य और साझा मिशन है। उन्होंने कहा कि नए नियमों के तहत शिकायत निवारण पर फोकस ज्यादा किया गया है। यदि सोशल मीडिया पर कोई फेक कंटेंट या न्यूज जारी की जाती है तो शिकायत मिलने पर 72 घंटों के भीतर हटाना जरूरी होगा।केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने नए आईटी दिशानिर्देशों पर जानकारी देते हुए कहा कि इंटरनेट खुला और भरोसेमंद बना हुआ है। हमारा ध्यान फेक न्यूज, ऑनलाइन सट्टेबाजी पर है। जिसके कारण कई इंटरनेट यूजर्स से धोखाधड़ी की शिकायत मिलती है।गौरतलब है कि 'इलेक्ट्रॉनिक व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय' ने फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम जैसी सोशल मीडिया कंपनियों के खिलाफ शिकायत के लिए सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) संशोधन-2022 से जुड़े नए कानूनों को अधिसूचित कर दिया है। इसके बारे में केंद्रीय मंत्री ने आज विस्तार से जानकारी दी। सोशल मीडिया कंपनियों के लिए देश के संविधान के प्रावधानों और इसकी संप्रभुता के नियमों का पालन करना अनिवार्य हो गया है। सरकार की इस पूरी कवायद का उद्देश्य सोशल मीडिया यूजर्स को शिकायत करने के लिए एक उचित प्लेटफार्म प्रदान करना है।

## सुको ने कहा- देर हुई तो खारिज होंगे मामले केसों की खामियां ठीक करने को दिए चार हफ्ते

**नई दिल्ली, ईएमएस।** सुप्रीम कोर्ट ने 2014 से 2020 तक दायर 1000 से अधिक मामलों के दोष ठीक करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है। साथ ही चेतावनी दी है कि



यदि अधिवक्ता-ऑन-रिकॉर्ड ऐसा करने में विफल रहे, तो मामले बिना किसी संदर्भ के खारिज कर दिए जाएंगे।जस्टिस पीएस नरसिम्हा ने हाल ही में दिए अपने आदेश में कहा, इस कोर्ट के समक्ष 2014 से 2020 के बीच एक हजार से अधिक ऐसे मामले दर्ज हुए जिनमें खामियां थीं और उन्हें संबंधित वकीलों के पास ठीक करने के लिए भेजा गया। बार बार याद दिलाने के बावजूद ये मामले वापस रजिस्ट्री के पास नहीं आए। अदालत इन मामलों के दोष ठीक करने के लिए चार हफ्ते का वक्त देती है। अगर इस दौरान दोष ठीक कर इन मामलों को वापस नहीं भेजा गया तो इन्हें खारिज कर दिया जाएगा।

### मुफ्त बिजली का वादा गुमराह करने वाला

नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष राजीव कुमार के एनजीओ ने सुप्रीम कोर्ट का रुख करते हुए कहा है कि राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त बिजली के वादे को शून्य घोषित किया जाना चाहिए। क्योंकि इसकी घोषणा और मतदाताओं को मिलने वाला परिणामी लाभ झूठा और भ्रामक है। याचिका में जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत इसे अपराध बनाने की घोषणा की भी मांग की गई है। आवेदन में यह भी कहा गया है कि राजनीतिक दलों को घोषणापत्र जारी करने से स्थायी रूप से प्रतिबंधित किया जाना चाहिए, जब तक कि चुनाव आयोग द्वारा मंजूरी नहीं दी जाए। इस तरह के वादों से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से राज्य के वित्त पर प्रभाव पड़ता है।

## दुनिया की सबसे ऊंची शिव प्रतिमा का अनावरण आज

### नाथद्वारा में 20 किमी दूर से नजर आते हैं विश्व स्वरूपम



राजसमंद, एजेंसी। राजस्थान के राजसमंद जिले में शनिवार को दुनिया की सबसे ऊंची भगवान शिव की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। भगवान शिव की इस प्रतिमा को चविश्व स्वरूपमज नाम दिया गया है। राजसमंद जिले के नाथद्वारा शहर में स्थापित भगवान शिव की 369 फुट ऊंची प्रतिमा का गुजरात के आध्यात्मिक गुरु और धर्म प्रचारक मोरारी बापू अनावरण करेंगे। इस मौके पर राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी और विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी उपस्थित रहेंगे।संस्थान के ट्रस्टी और मिराज समूह के अध्यक्ष मदन पालीवाल ने बताया कि प्रतिमा के अनावरण के पश्चात पूरे राज्य में 29 अक्टूबर से 6 नवंबर यानी नौ दिनों तक धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## आष्टा के स्कूल से बंक मारकर आई तीन छात्राओं ने इंदौर में जहर खाया, दो की मौत

**भोपाल, यशभारत।** मध्य प्रदेश में नाबालिग लड़कियों की एक अजीब हरकत सामने आई है। जहां शुक्रवार को स्कूल बंक करके सीहोर से इंदौर के लिए निकलीं और आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि तीनों ने एक साथ जहर खा लिया। इनमें से दो की रात में मौत हो गई और तीसरे की हालत गंभीर बताई जा रही है। तीनों आष्टा की रहने वाली हैं और स्कूल से बगैर बताए इंदौर आई थीं। अब तक मिली जानकारी के अनुसार तीनों स्कूल से बंक मारकर यहां घूमने पहुंची थी। यह घटना भवर कुआं थाना क्षेत्र की



बताई जा रही है। इस मामले में अस्पताल प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद अधिकारी अस्पताल पहुंचे। जहां एडीसीपी प्रशांत चौबे ने कहा कि लड़कियों ने आष्टा में जहर खरीदा और इंदौर में खुद को मारने का फैसला किया। फिलहाल परिजन इंदौर पहुंच गए हैं। उनके बयान भी दर्ज किए जाएंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि अब तक कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। वहीं इंदौर के एडीसीपी प्रशांत चौबे ने बयाया कि यहां जहर खाने से दो नाबालिग लड़कियों की मौत हो गई जबकि एक की हालत गंभीर है। ये तीनों ही लड़कियां सीहोर जिले की रहने वाली हैं। उन्होंने कहा कि इसमें एक लड़की ने पारिवारिक संबंधों में खटास के चलते जहर खा लिया, जबकि दूसरी ने दोस्ती की वजह से जहर खा लिया।



## तीसरी संतान के कारण पदोन्नति साक्षात्कार से वंचित नहीं किया जा सकता: मप्र हाईकोर्ट

### कोर्ट ने कहा, म.प्र शिक्षा परिषद और स्वशासी चिकित्सा के नियम अलग

**जबलपुर, यशभारत।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की बैंच ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसर के लिए होने वाले साक्षात्कार में प्रार्थी को शामिल करने के निर्देश दिए हैं। मेडिकल कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर डा.ओमप्रकाश रायचंदानी ने12 जनवरी 2021को प्रोफेसर पद पर पदोन्नति के लिए विज्ञापन के तहत आवेदन किया था। उस दौरान उनका नाम साक्षात्कार सूची में शामिल था।लेकिन कतिपय कारणों के चलते साक्षात्कार टल गया। इसके बाद जब दोबारा सूची जारी हुई तो डा.रायचंदानी को तीसरी संतान होने के कारण अयोग्य घोषित कर दिया।इस पर उन्होंने वाद दायर किया।आवेदक की ओर से एडवोकेट समर्थ तिवारी ने तर्क दिया कि आवेदक स्वशासी शिक्षा परिषद के नियमों के तहत कार्यरत हैं। उन पर मध्यप्रदेश शिक्षा परिषद के नियम लागू नहीं होता है। तमाम तर्क सुनने के बाद विद्वान न्यायाधीश ने फैसला सुनाया कि आवेदक पर मध्यप्रदेश के सेवा नियम1961 लागू नहीं होता है। अतः उन्हें साक्षात्कार में शामिल किया जाए।



# खरना के साथ छठ पूजा का व्रत शुरू



## बीते वर्षों में निरंतर निखर रही छठ पूजा की रौनक, उत्तर भारतीयों का प्रमुख त्यौहार

### कर्ण ने शुरू की सूर्य देव की पूजा, राम सीता ने भी की थी पूजा

महापर्व छठ की शुरुआत महाभारत काल में हुई थी। इस पूजा की शुरुआत सूर्य पुत्र कर्ण के द्वारा हुई थी। कर्ण ने सूर्य देव की पूजा शुरू की। कथाओं के अनुसार कर्ण भगवान सूर्य के परम भक्त थे. वह हर दिन घंटों तक कमर जितने पानी में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य दिया करते थे। उनके महान योद्धा बनने के पीछे सूर्य की कृपा थी। एक पौराणिक लोक कथा के अनुसार जब भगवान श्रीराम लंका पर विजय प्राप्त कर लौटे तो राम राज्य की स्थापना की जा रही थी. कार्तिक शुक्ल षष्ठी के दिन ही राम राज्य की स्थापना हो रही थी, उस दिन भगवान राम और माता सीता ने उपवास किया और सूर्य देव की आराधना की थी.

**कटनी,यशभारत।** जब व्रती खरना का प्रसाद ग्रहण करती हैं तो उनके आसपास का माहौल शांत रखा जाता है। मान्यता के अनुसार प्रसाद ग्रहण करने के दौरान यदि उनके कान में आवाज चली जाए तो उसी समय खाना छोड़ देती हैं। ऐसे ही कुछ खास नियमों के साथ आज छठ पर्व की शुरूआत हो गई। उत्तर भारत के प्रमुख व्रत माने जाने वाले छठ पर्व को लेकर कटनी में भी उत्साह साफ देखा जा सकता है। कुछ साल पहले तक छठ पर्व सिर्फ शहर के कुछ हिस्सों तक सीमित था लेकिन अब इसकी व्यापकता काफी ज्यादा है। आपको बता दें कि कटनी के उपलगरीय क्षेत्र एनकेजे, आयुधनिर्माण रेलवे कालोनी सहित कुछ अन्य इलाकों में बड़ी संख्या में उत्तर भारतीय लोग रहते हैं। छठ पर्व में अब एमपी के वे लोग भी शामिल होते हैं जो छठ पर्व नहीं मनाते। कटनी शहर में पूर्वांचल समाज द्वारा इस अवसर पर घाटों में मंच लगाकर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जाते हैं। कोरोना के बाद इस साल छठ पूजा पर विशेष उत्साह नजर आ रहा है।

### कटनी में छठ पर्व

कटनी में छठ पर्व को लेकर तैयारियां पहले ही पूरी होने का दावा नगर निगम ने कर रखा है। शहर के प्रमुख नदी के घाटों में छठ पर्व को लेकर तैयारियां की गईं है। यहां दो दिन मेला जैसा महौल रहेगा। शहर के बाबा घाट में पूर्वांचल के निवासियों के द्वारा घाट पर मंच सजाया जाता है। इसी तरह छपरवाह समीप नदी के घाट पार्क में भी बेहद उत्साह से छठ पर्व मनाने हजारों की भीड़ एकत्रित होती है। उत्तरभारतीयों के इस प्रमुख पर्व में कटनी के जनप्रतिनिधियों की भी सहभागिता रहती है। लगभग हर प्रमुख राजनीतिक दल का व्यक्ति यहां पहुंच कर उत्तरभारतीयों के प्रमुख पर्व में शामिल होता है। कुछ महिलाएं तो वैसा ही रूप भी धारण करतीं है जैसा छठी मैया की पूजा के दौरान उत्तर भारत की महिलाओं के द्वारा रखा जाता है। शहर में छठ पर्व पर व्यवासाय भी अच्छा होता है।





### महापर्व की कल शाम से हुई शुरूआत

छठ के महापर्व की शुरुआत 28 अक्टूबर से हो गई है। छठ का पहला दिन नहाय खाय होता है. छठ के व्रत को सबसे कठिन व्रत माना जाता है। मान्यता है कि जो महिलाएं छठ के नियमों का पालन करती हैं, छठी माता उनकी हर मनोकामना पूरी करती हैं। छठ पूजा में सूर्य देव का पूजन किया जाता है. यह पर्व चार दिनों तक चलता है. छठ पर्व का दूसरा दिन खरना कहलाता है। खरना का अर्थ होता है शुद्धिकरण. खरना के दिन छठ पूजा का प्रसाद बनाने की परंपरा है.

### खरना का महत्व

खरना के दिन महिलाएं पूरे दिन व्रत रखती हैं. इस दिन छठी माता का प्रसाद तैयार किया जाता है. इस दिन गुड़ की खीर बनती है. खास बात यह है कि वह खीर मिट्टी के चूल्हे पर तैयार की जाती है. प्रसाद तैयार होने के बाद सबसे पहले व्रती महिलाएं इसे ग्रहण करती हैं, उसके बाद इसे बांटा जाता है. इस दिन भगवान सूर्य की पूजा की जाती है. इसके अगले दिन सूर्यास्त के समय व्रती लोग नदी और घाटों पर पहुंच जाते हैं. जहां डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है. इस दौरान सूर्यदेव को जल और दूध से अर्घ्य देते है. साथ ही इस दिन व्रती महिलाएं छठी मैया के गीत भी गाती हैं।



# ट्रेनों में पैर रखने की जगह नही, स्टेशन में भी भीड़

**कटनी।** दीपावली और छठ पर्व के चलते शुक्रवार को कटनी के तीनों रेलवे स्टेशन पर काफी भीड़ रही। लम्बी दूरी की ट्रेनों के अलावा पैसेंजर ट्रेनों में भी पैर रखने तक की जगह नहीं थी। जबलपुर से रीवा, सतना, नरसिंहपुर और कटनी के बीच चलने चलने वाली ट्रेनों में ज्यादा भीड़ रही। प्लेटफॉर्म पर यात्रियों की भीड़ के देखते हुए रेल पुलिस और रेल सुरक्षा बल सतर्क नजर आया। प्लेटफॉर्म पर नजर रखने के लिए 12-12 की शिफ्ट में रेल पुलिस के जवानों की तैनाती की गई थी। आरपीएफ का अमला भी प्लेटफॉर्म और आउटर में नजर रखे हुए था। जबलपुर मंडल से गुजरने वाली जबलपुर-भोपाल, जबलपुर-रायपुर, जबलपुर-इंदौर आदि ट्रेनों में दो-दो जवानों की तैनाती की गई है। आपको बता दें कि छठ त्योहार को देखते हुए रेल सुरक्षा बल को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। लाइन स्टाफ को भी लगाया गया है। रात्रिकालीन ट्रेनों पर भी विशेष नजर रखी जा रही है। टीआई सुनील नेमा ने बताया कि 50 कर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था में लगाया गया है। ताकि, हालात पर नियंत्रण रखा जा सके।




# सेन समाज की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय

**कटनी।** विगत दिन सिविल लाइन स्थित गेस्ट हाउस में सेन समाज विकास संगठन की बैठक हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में सेन समाज विकास संगठन प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण परमात्मा सेन, प्रदेश उपाध्यक्ष और कटनी जिला प्रभारी जगदीश सेन, कोषाध्यक्ष जगदीश नापित, सेन समाज विकास संगठन जिला अध्यक्ष राजकुमार सेन, कटनी सेन समाज जिलाध्यक्ष गोविन्द सेन, सेन समाज विकास संगठन युवा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष गौ सेविका अमिता श्रीवास शामिल रहे। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की सागर जिले में प्रतिमा स्थापना को लेकर पूरे प्रदेश में दौरा करते हुए सेन समाज की जनता को कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर सागर जिले में स्थापना हेतु रोक लगाई जाने को लेकर जागरूक करने के संकल्प के चलते यह बैठक रखी गई। साथ ही सेन समाज को विकास की और ले जाने और समाज में आगे होने वाली गतिविधियों से अवगत कराने हेतु इस बैठक का आयोजन किया गया जिसमें में युवा सेन समाज प्रगति संगठन के सदस्य शिवम सेन, सत्संग सेन (राजा), सौरभ सेन,अनूप सेन निखलेश सेन, शिवांश सेन, कैलाश सेन,सोनू सेन जी, वरिष्ठ जनों मे राजकुमार सेन (मुन्ना), संतोष सेन जी, राजेश सेन जी, दीपक श्रीवास जी, महेंद्र सेन जी, प्रकाश सेन जी, अशोक श्रीवास जी का विशेष योगदान रहा।

# ऐतिहासिक होगा वार्षिक निरंकारी संत समागम





कटनी। विविधता में एकता का आलौकिक स्वरूप - 75वां वार्षिक निरंकारी संत समागम होगा। समदृष्टि के भाव को दर्शाते हुए 75वें वार्षिक निरंकारी संत समागम का भव्य शुभारम्भ दिनांक 16 से 20 नवम्बर तक संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा ग्राउंड (हरियाणा) में आयोजित होने जा रहा है। संत समागम की तैयारिया लगभग सम्पन्नता की ओर है। 75वां वार्षिक निरंकारी संत समागम स्वंय में ऐतिहासिक एंव अनूठा है क्योंकि इन दिव्य संत समागमों की अविरल श्रृंखलाओं ने सफलतापूर्वक अपने 74 वर्ष सम्पन्न कर लिये है। विभिन्न त्यौहारों के इस समय में सभी श्रद्धालु भक्त अपने पारिवारिक दायित्वों को निभाते हुए संत समागम सेवाओं में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। सतुगुरु माता जी भी समागम स्थल की संपूर्ण गतिविधियों का अवलोकन कर रहे हैं और उनके पावन दर्शनों की प्राप्ति कर सभी भक्तजन स्वयं को धन्य महसूस कर रहे हैं। अपने सतुगुरु के दिव्य दर्शनों की प्राप्ति से भक्तों में भी सेवा का और अधिक उत्साह देखने को मिल रहा है। आध्यात्म के इस आलौकिक स्वरूप को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है मानो जैसे समागम सेवाओं में सम्मिलित होने वाला प्रत्येक भक्त दिव्यता के वातावरण में प्रतिपल भक्तिमय हो रहा हो।

इस वर्ष के 75वें वार्षिक निरंकारी संत समागम में भारत एंव दूर देशों से अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालु भक्त सम्मिलित होंगे। समागम स्थल पर सत्संग पंडाल के अतिरिक्त रिहायशी टेंट भी लगाए जा रहे हैं जहाँ बाहर से आने वाले श्रद्धालु भक्तों के लिए ठहरने तथा लंगर इत्यादि की उचित व्यवस्था होगी। साथ ही अलग-अलग मैदानों में कुछ कैन्टीनों की भी सुविधाएं दी जायेंगी जिसमें जलपान इत्यादि वस्तुएं रियायती दरों पर उपलब्ध होंगी। इसके अतिरिक्त मैंदानों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही पार्किंग, सुरक्षा इत्यादि की भी उचित व्यस्था की जा रही है ताकि आने वाले सभी भक्तों को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो। सत्संग पंडाल के आसपास संत निरंकारी मण्डल के विभिन्न विभाग, समाज कल्याण विभाग इत्यादि के कार्यालय भी होंगे।

प्रकाशन विभाग की ओर से अगल-अलग स्थानों पर स्टॉल लगाए जायेंगे। इसके अतिरिक्त मिशन के इतिहास एंव सम्पूर्ण समागम के स्वरूप को निरंकारी प्रदर्शनी के मुख्य आकर्षण के रूप में दर्शाया जायेगा। इस दिव्य संत समागम में सम्मिलित होने वाले भक्तों के लिए भारतीय रेलवे द्वारा आध्यात्मिक स्थल समालखा के निकट भोड़वाल माजरी रेलवे स्टेशन पर लगभग सभी ट्रेनों के रूकने की अनुमति दी गयी है। इस सुविधा से रेलयात्रा करने वाले भक्तगण लाभान्वित हो सकेंगे। इस दिव्य संत समागम का उद्देश्य मानवता एंव भाईचारे की भावना को दृढ़ता प्रदान करना तथा 'रूहानियत में इंसानियत' के महत्व को दर्शाना है जो केवल ब्रह्मानुभूति से जुड़कर ही संभव है।

# खेल एवं पर्यटन पर होगा काम




**कटनी,यशभारत।** मध्यप्रदेश में खेलों के लिए सरकार निरन्तर कार्य कर रही है कटनी भी इसमे शामिल है। कटनी में जल्द ही सर्वसुविधायुक्त खेल मैदान का कार्य शुरू होगा। यह बात आज कटनी पहुंचीं प्रदेश की खेल एवं युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने कही। उनके साथ पहुंचीं पर्यटन एव संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने कहा कि प्रदेश और देश मे जबसे भाजपा की सरकार आई है सभी कई धार्मिक स्थलों को भव्य स्वरूप देकर पर्यटन के लिए सार्थक कार्य हुए हैं। कटनी में पर्यटन की संभावना को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए एक व्रहद कार्ययोजना तैयार की जा रही है। भाजपा कार्यालय में दोनों मंत्री महोदय का जोरदार स्वागत किया गया। यहां श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया तथा सुश्री उषा ठाकुर ने समस्त जिला पदाधिकारियों, मण्डल अध्यक्ष, मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संयोजक पदाधिकारी तथा वरिष्ठ भाजपा नेताओं से परिचय प्राप्त किया। जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन ने कटनी भाजपा परिवार की ओर से मंत्रीद्वय का आत्मीयता के साथ अभिनंदन करते हुए परिचय दिलाया। मंच पर मंत्री द्वय के साथ जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य द्वय पीताम्बर टोपनानी, रामरतन पायल, क्षेत्रीय विधायक संदीप जायसवाल पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सोनी मौजूद थे। मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे तथा उषा ठाकुर ने बीएसएनएल आफिस के आगे प्रस्तावित खेल मैदान का की जगह का अवलोकन किया। इसके उपरांत मंत्रीद्वय फारेस्टर खेल मैदान पहुंचीं जहां 10 करोड़ की लागत से बनने वाले सर्वसुविधायुक्त खेल मैदान का निरीक्षण किया एवं मौजूद अधिकारियों से इस प्रोजेक्ट की पूरी जानकारी ली। इस बारे में विधायक श्री जायसवाल ने कटनी के खेल मैदान तथा यहां होने वाले निर्माण की जानकारी दी। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता भँवर सिंह चौहान, जिला महामंत्री चेतन हिंदुजा, राजेश चौधरी, सुनील उपाध्याय, मृदुल द्विवेदी, भावना सिंह, सूर्यकांत गौतम, सीमा जैन, रुक्मणि बर्मन, ज्योति दीक्षित, अम्बरीष वर्मा, शिवम शर्मा, आशुतोष शुक्ला, यज्ञदत्त मिश्रा, सचिन तिवारी, अभिषेक ताम्रकार, मनीष दुबे, संदीप दुबे, नीरा सेठिया, शिल्पी सोनी, निशा मिश्रा, सुरेश रोचलानी,गणेश राव, रवि खरे, सत्यनारायण अग्रहरी, कैलाश जैन, मिट्ठूलाल जैन, रणवीर कर्ण,मयंक गुप्ता, प्रदीप साहू, संतराम रैदास, मृदुल मिश्रा, स्वप्निल पुरवार, अक्षय श्रीवास्तव, अजय माली, विमल साहू, इंद्र मिश्रा, आशीष कुंडे आदि भाजपाजनों की उपस्थिति रही।

### चालान के डर से रास्ता बदल दिया चालकों ने

**कटनी।** कोतवाली थाने के बाहर पुलिस ने वाहन चैकिंग अभियान चलाया। जांच के दौरान वाहनों के रजिस्ट्रेशन कार्ड चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस और बीमा की जांच की गई। कार्रवाई से बचने के लिए वाहन चालक रास्ता बदलकर जाते भी नजर आए। पुलिस ने बताया कि थाने के बाहर वाहनों की जांच की जा रही है। चालकों को यातायात नियमों के तहत वाहन चलाने की हिदायत दी जा रही है।

# स्थापना दिवस के कार्यक्रमों में तीसरी से आठवीं तक के बच्चों को शामिल नहीं करेंगे

**कटनी,यशभारत।** एक नवंबर से सात नवंबर के बीच मप्र स्थापना दिवस में स्कूल के विद्यार्थियों की सहभागिता के निर्देश हैं, लेकिन अब स्कूल शिक्षा विभाग ने कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों को इससे मुक्त रखने के आदेश दिए हैं। विभाग ने इसकी वजह से परीक्षा बताया है। कक्षा तीन से आठ तक के विद्यार्थियों की छमाही परीक्षा का आयोजन सात नवंबर से 16 नवंबर के बीच होना है। इसके अलावा मेरिट कम मींस की परीक्षा छह नवंबर को होनी है। ऐसी स्थिति में विद्यार्थियों को यदि स्थापना दिवस के कार्यक्रम में शामिल किया गया तो उनके परीक्षा परिणाम पर असर होगा। जिस वजह से विभाग ने सभी विद्यार्थियों को सहभागिता से मुक्त रखा है। मप्र के स्थापना दिवस पर बालसभा में देश भक्ति गीतों की स्पर्धा का आयोजन करने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग ने ऐसे आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने. के निर्देश दिए गए है। सभी शासकीय और अशासकीय शालाओं में विद्यालयीन प्रार्थना सभा में मप्र गान का गायन किया जाए। गायन के पूर्व विद्यार्थियों को इस हेतु संस्कृति विभाग द्वारा तैयार की गई मध्य प्रदेश गान की सीडी के अनुसार समुचित अभ्यास कराया जाए।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 5 शो ता. 25 से
सुबह 10.30, 1.15, 4,7 एवं रात्रि 10.15 बजे से




रामसेतु
कलाकार- अक्षय कुमार, जैकलीन फर्नांडिस, नुसरत भरूचा, सत्यदेव आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 2 शो ता. 25 से
सुबह 10.45 एवं रात्रि 9.45 बजे से




ब्लैक एडम (हिन्दी में)
कलाकार- डवेन जान्शन, जेनिफर हालेंड, सारा आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 25 से
दोपहर 12.45, 3, 5.15, एवं सायं 7.30 बजे से



थैंक गॉड
कलाकार- सिद्धार्थ मल्होत्रा, अजय देवगन, रकुलप्रीत सिंह, विक्रम कोचर आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

नीरज सिनेप्लेक्स में




ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 25 से
12,3 एवं सायं 6 बजे से
रामसेतु
कलाकार- अक्षय कुमार, जैकलीन फर्नांडिस, नुसरत भरूचा, सत्यदेव आदि।
टिकट दर बालकनी क्लास- 100/- बॉक्स- 120/-
लोवर क्लास-50/- अपर क्लास-80/-

यश भारत — नये ज़माने के साथ...
सफलता के 15 वर्ष पूर्ण

# सिटी न्यूज

कटनी, शनिवार, 29 अक्टूबर 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

## मुख्यमंत्री 143 करोड़ की लागत से कटनी के 4 सीएम राइज स्कूलों का आज करेंगे वर्चुअल भूमिपूजन

**कटनी,यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार 29 अक्टूबर को कटनी जिले के 4 सी.एम. राइज स्कूलों का इंदौर में आयोजित कार्यक्रम से वर्चुअली भूमिपूजन करेंगें। इन सभी चार स्कूलों की लागत 143.40 करोड़ रुपये है। मुख्यमंत्री कटनी जिले के जिन सी.एम. राइज स्कूलों का वर्चुअली भूमिपूजन करेंगें, उनमें मॉडल स्कूल बड़वारा की लागत 35.50 करोड़ रुपयें, मॉडल स्कूल रीठी की लागत 33.66 करोड़ रुपये तथा मॉडल स्कूल कटनी के भवन के लिए 38.61 करोड़ और मॉडल स्कूल बहोरीबंद की लागत 35.66 करोड़ रुपये का भूमिपूजन होगा। विदित हो कि मुख्यमंत्री श्री चौहान शनिवार को प्रदेश के 73 सीएम राइज स्कूलों का भूमिपूजन करेंगें, इनकी समेकित लागत 2600 करोड़ रुपये है।

# बड़ी लापरवाही : नवजात शिशु को बताया मृत ओपीडी में डॉक्टर ने की जांच तो चल रही थी सांस

## जिला चिकित्सालय के एसएनसीयू वार्ड की घटना

**कटनी, यशभारत।** जिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहां 27 दिन के एक नवजात शिशु को मृत बताकर उसे परिजनों को लौटा दिया गया था लेकिन आशंका हुई तो उन्होंने ओपीडी में जाकर डॉक्टर से जांच कराई। इस दौरान बच्चे की सांस चल रही थी। फिर परिजन निजी अस्पताल लेकर चले गए। परिजनों ने नर्सिंग स्टॉफ पर लापरवाही का आरोप लगाया गया है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हरैया निवासी 21 वर्षीय सोनू पति विष्णु चौधरी को कुछ दिन पहले जिला अस्पताल में प्रसव हुआ था। बच्चे के स्वस्थ होने पर उसे छुट्टी दे दी गई थी और जच्चा-बच्चा दोनों घर चले गए थे। गुरुवार को 27 दिन बाद बच्चे की तबीयत बिगड़ गई। दोपहर में उसे जिला अस्पताल लाया गया और एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया। विष्णु चौधरी ने बताया कि शुक्रवार को एसएनसीयू के नर्सिंग स्टॉफ ने कहा कि अब बच्चे की सांस नहीं चल रही है। जिंदा नहीं है, इसे घर ले जाइए। बच्चे की मौत होने की खबर सुनकर मां सहित परिजनों को बुरा



हाल हो गया। इसके बाद बच्चे को अस्पताल के बाहर ले आए। कुछ समय बाद परिजनों को आभास हुआ कि बच्चे के शरीर में हलचल हो रही है तो जिला अस्पताल की ओपीडी में बैठे डॉक्टर से जांच कराई तो धड़कनें चल रही थी।


### निजी अस्पताल लेकर आए परिजन

परिजन जिला अस्पताल में डर के कारण उपचार न कराते हुए बच्चे को निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। डन कॉलोनी स्थित एक निजी चिकित्सक को दिखाया, हालांकि वहां पर भी बच्चे की हालत बेहद नाजुक होने पर व गहन चिकित्सा इकाई कक्ष न होने के कारण इलाज नहीं किया गया। इसके बाद परिजन यहां से भी बच्चे को लेकर चले गए।

### इनका कहना है

सोनू को विकृत बच्चा हुआ है और उसे निमोनिया की भी शिकायत थी। चिकित्सक ने देखा तो सांसें नहीं चल रहीं थीं। हृदय की गति चल रही थी। चिकित्सक के बताने पर परिजन बिना बताए जिला अस्पताल से बच्चा लेकर चले गए। जिला अस्पताल से मृत घोषित नहीं किया गया। कई बार स्थिति हमारे काबू के बाहर रहती है और जब यह बात परिजनों को बताई जाती है तो उनकी प्रतिक्रिया इसी प्रकार की सामने आती है।

**- डॉ. यशवंत वर्मा,** सिविल सर्जन



# चलता कम और बंद ज्यादा रहता है कटनी स्टेशन का एस्केलेटर

**कटनी, यशभारत।** कटनी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 1 व 2 पर लगा एस्केलेटर (चलित सीढ़िया) करीब एक सप्ताह से बंद हैं। एस्केलेटर बंद होने के कारण यात्रियों को इस सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। एस्केलेटर बंद होने से सबसे अधिक समस्या बुर्जुग यात्रियों को हो रही है। त्यौहार का सीजन होने के कारण बड़ी संख्या में लोग जंक्शन से सफर कर रहे हैं। लगेज अधिक होने के कारण यात्रियों को सीढ़ियां चढ़ने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई यात्री एस्केलेटर तक पहुंचते हैं लेकिन इसके बंद होने से निराश होकर लौट जाते हैं। स्टेशन पर मौजूद वेंडर्स ने बताया कि यह एस्केलेटर चलता कम और बंद ज्यादा रहता है। आएदिन खराबी आ जाती है और कई दिनों तक अधिकारियों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जाता। उल्लेखनीय है कि यात्रियों की सुविधा के लिए कटनी जंक्शन पर 19 जनवरी 2022 को एस्केलेटर का शुभारंभ किया गया था।

**आए दिन आ रही खराबी के कारण यात्रियों को नहीं मिल पा रहा सुविधा का लाभ**

## बैडमिंटन हॉल परिसर में सीसीटीव्ही कैमरे लगवाने की मांग

**कटनी, यशभारत।** कांग्रेस उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रौनक खंडेलवाल द्वारा जिला खेल अधिकारी को माधवनगर स्थित बैडमिंटन हॉल परिसर में सीसीटीव्ही कैमरे लगवाने हेतु पत्र दिया गया। पत्र में लिखा गया कि माधवनगर स्थित खेल विभाग के बैडमिंटन हॉल के अंदर एवं बाहर सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीव्ही कैमरे की अत्यंत आवश्यकता है। विदित हो कि प्रातः एवं सायंकाल लगभग 100 बैडमिंटन खिलाड़ी यहां रोजाना आते है एवं कुश्ती, कबड्डी के भी 30-35 खिलाड़ी यहां होते है और लगभग इतने ही खिलाड़ी वॉकिंग, रनिंग तथा क्रिकेट, बास्केटबॉल खेलने वाले हॉल के बाहर मैदान में भी होते है। इतनी संख्या में पुरुष एवं महिलाएं होने पर किसी भी अप्रिय घटना को रोकने हेतु जल्द से जल्द परिसर में अंदर एवं बाहर सीसीटीव्ही कैमरे लगवाए जाए, जिससे सभी खिलाड़ी सुरक्षित महसूस करें। पत्र में वहां मौजूद सभी खिलाड़ियों ने अपने हस्ताक्षर करते हुए जल्द से जल्द कैमरे लगवाने हेतु खेल अधिकारी से मांग की।

## युवा कांग्रेस सूचना का अधिकार विभाग के जिलाध्यक्ष बने उपेन्द्र

**कटनी, यशभारत।** युवा कांग्रेस द्वारा पूरे प्रदेश में विभिन्न विभागों का गठन का कार्य चल रहा है। इसी तारतम्य में युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत भूरिया एवं प्रभारी पराग शर्मा की सहमति से सूचना का अधिकार विभाग की प्रदेश अध्यक्षा शांभवी शुक्ला ने जिलाध्यक्ष अंशु मिश्रा की अनुशंसा पर युवा कांग्रेस नेता उपेन्द्र त्रिपाठी को आरटीआई विभाग कटनी का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री त्रिपाठी की नियुक्ति पर समस्त कांग्रेस जनों ने हर्ष व्यक्त किया है।



# पारम्परिक ग्वाल नृत्य महोत्सव में झूमे ग्रामीण



**विजयराघवगढ़, यशभारत।** भारतीय लोक संस्कृति की अक्षुण्य परम्परा दीपावली महा महोत्सव के द्वितीया तिथि को ग्वाल नृत्य का आयोजन वार्ड क्रमांक 1 में किया गया। जहां धार्मिक भजनों के मधुर गायन में श्याम यादव ग्राम रमना के सदस्यों द्वारा ग्वाल नृत्य से नगर के उपस्थित जनों को मधुर गायन से मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में भगवान श्री राधा कृष्ण जी का पूजन अर्चन श्रीमती सारिका डॉ अनिल मिश्रा द्वारा सपरिवार किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर उपस्थित जन समूह को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर श्रीमती सावित्री राजकिशोर पांडेय, श्यामसुंदर मिश्रा, विमलेन्दु पयासी, श्रीमती रुक्मणी नीरज पांडेय, पूर्व सरपंच सुशील साहू, श्रीमती मंजूलता अभय मिश्रा, बृजराज पांडेय, रोहित मिश्रा, अच्युत पयासी, संजय पयासी, पुन्नू पयासी, विवेक पयासी, आनंद दुबे, विपिन दुबे, श्रीराम मिश्रा, ललिता दुबे, राधा विश्वकर्मा, मुन्ना कुशवाहा, दिनेश यादव, सुदामा नामदेव, शब्बीर अली, नेमी साहू सहित अन्य भगवद प्रेमीजनों की उपस्थिति रही।

**विजयराघवगढ़ में धार्मिक भजनों की शानदार प्रस्तुति**



## वार्षिक निरंकारी संत समागम में कटनी से शामिल होंगे श्रद्धालु

**कटनी, यशभारत।** समदृष्टि के भाव को दर्शाते हुए 75वें वार्षिक निरंकारी संत समागम का आयोजन 16 से 20 नवम्बर तक संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा ग्राउंड हरियाणा में आयोजित होने जा रहा है। संत समागम की तैयारिया लगभग सम्पन्नता की ओर है। 75वां वार्षिक निरंकारी संत समागम स्वंय में ऐतिहासिक एंव अनूठा है। इन दिव्य संत समागमों की अविरल श्रृंखलाओं ने सफलतापूर्वक अपने 74 वर्ष सम्पन्न कर लिये है। इस दिव्य संत समागम में सम्मिलित होने वाले भक्तों के लिए भारतीय रेलवे द्वारा आध्यात्मिक स्थल समालखा के निकट भोजवाल माजरी रेलवे स्टेशन पर लगभग सभी ट्रेनों के रूकने की अनुमति दी गयी है। इस सुविधा से रेलयात्रा करने वाले भक्तगण लाभान्वित हो सकेंगे।

## खड़गे के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार

**कटनी, यशभारत।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता राकेश जैन कक्का ने मल्लिकार्जुन खड़गे को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष निर्वाचित होने पर बधाई दी है। श्री जैन ने बताया कि मल्लिकार्जुन खड़गे ने कई राजनीतिक पदों पर रहते हुए कई सामाजिक कार्य किये। श्री खड़गे ने गुलबर्गा एमकेएस मिल के कर्मचारियों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी। समाज के वंचित लोगों के हितों का ध्यान रखकर बहुत सारे सामाजिक संगठन को स्थापित किये। कई सामाजिक संगठन के अध्यक्ष पदों में



रहकर कार्यभार संभाल चुके है। अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत गुलबर्गा के राजकीय महाविद्यालय के छात्र संघ के नेता के रूप में शुरू की।1966 से 1967 तक छात्र संघ के उपाध्यक्ष रहे। बीए करने के बाद एलएलबी की डिग्री प्राप्त की। 1972 से 2009 तक लगातार 10 बार विधायक का चुनाव जीता। 1973 में चुंगी उन्मूलन समिति के अध्यक्ष चुने गए।1974 में चमड़ा विकास निगम का अध्यक्ष नियुक्त हुए।1976 में पहली बार मंत्री परिषद में प्राथमिक तथा माध्यमिक शिक्षा में राज्यमंत्री बने।1979 में कर्नाटक में केबिनेट मंत्री रहते हुए पंचायती राज मंत्री का पद संभाला आदि पदों में कार्य किया। 1980 से 1983 के बीच तत्कालीन केंद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे। 2005 में कर्नाटक राज्य की कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त हुए। सांसद बनने के बाद मनमोहन सिंह की सरकार में 2009 से 2013 तक में श्रम एवं रोजगार मंत्री उसके बाद रेल मंत्री केंद्रीय मंत्री बने। 2021 से 2022 के बीच श्री खड़गे ने राज्यसभा में विपक्ष के नेता की भूमिका निभाई। उनका राजनीतिक जीवन का लम्बा सफर तय करने के बाद देश की सबसे बड़ी पुरानी पार्टी कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव 6825 वोट से जीत कर देश की सबसे बड़ी पुरानी पार्टी कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। उनके अध्यक्ष बनने से आम कार्यकर्ताओ में उत्साह का संचार हुआ है। श्री खड़गे एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के नेतृत्व में आगामी विधानसभा चुनाव 2023 और लोकसभा में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी।



# रक्तदान शिविर में युवाओं ने दिखाई जागरूकता

**कटनी, यशभारत।** विहंगम योग संत समाज द्वारा संत विज्ञान देव महाराज के जन्मोत्सव पर रक्तदान शिविर का आयोजन 28 अक्टूबर को किया गया, साथ में प्रसाद वितरण स्वल्पाहार आयोजित किया गया। समाजसेवी आनंद तिवारी के निवास दुबे कॉलोनी में समीपवर्ती जिलों में निवासरत रक्तदाताओं, भाई बहनों के सहयोग से जिला अस्पताल से प्रदत्त ब्लड कलेक्शन वेन में रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। ब्लड क्लरेक्शन वेन में डॉ मोहित श्रीवास्तव, डॉ अंगिरा शाह, साधना शुक्ला, नामनित तिवारी, प्रियंका राव, धयन सिंह, अमित गर्ग, महेंद्र सिंह ने अभी तक 6 यूनिट बल्ड दान हुआ। इस अवसर पर सीमा श्रीवास्तव, ईशु लाहोरानी, रघुनंदन कुशवाहा, दिनेश यादव, शेवता सिंह, नीरज खरे, प्रीति सिंह सहित लगभग दर्जन भर समाजसेवियों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने आनंद तिवारी, एस के शर्मा, योगेश मिश्रा, संस्था संभागीय प्रभारी जयराम सिंह के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**विहंगम योग संत समाज रक्तदान शिविर का आयोजन**

## अंतर जिला प्रतियोगिता के लिए 31 को होगा कटनी टीम का चयन

**कटनी।** जिला क्रिकेट संघ के सचिव राजेश डेविड ने बताया कि संभागीय क्रिकेट संघ जबलपुर के तत्वावधान में सीनियर बालिका वर्ग के लिए अंतर जिला प्रतियोगिता का आयोजन जबलपुर में किया जा रहा है, जिसके लिए जिला क्रिकेट संघ कटनी की टीम का चयन किया जाना है। इच्छुक खिलाड़ी 31अक्टूबर को चयन के लिए फारेस्टर प्ले ग्राउंड में पहुंचे। सभी खिलाड़ी सफेद गणवेश में दोपहर 3 बजे पहुंचकर राजेश डेविड, शेखर पाठक, हिमांशु लालवानी एवं आलोक जोसफ से संपर्क कर सकते हैं।

**किराये से देना है**

सिंगल रूम अटैच 3000 प्रतिव्यक्ति,
22 बाई 50 का हॉल
सर्विस वालों एवं ऑफिस, बैंक, कार्यालय गोदाम के लिए
पता-बीजेपी कार्यालय के सामने, जबलपुर रोड बरगवां, कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

mgm HOSPITAL We Care with Care
कटनी की पहली और एकमात्र
एम.आर.आई. जाँच सेंटर
एमजीएम हॉस्पिटल में अब सीटी स्कैन के साथ, एमआरआई जाँच की सुविधा उपलब्ध है।
24X7 HELPLINE NUMBER 07622-405070
एम.जी.एम. हॉस्पिटल, कटनी (म.प्र.)
Web- www.mgmhospitalkatni.com, email- info@mgmhospitalkatni.com

cello सेलो फर्नीचर
एकमात्र अधिकृत वितरक




Auth. Distributor-Cello, Natasha Almirah Almirah, Molded Furniture
विश्वकर्मा फर्नीचर
विश्वकर्मा मार्केट, मढ़ई मंदिर रोड कटनी, फोन- 230557, मो. 9826082251
Email-gopivishwakarma@gmail.com

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners
CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMW
Mittal MALL
Paytm
bookmyshow
From 28th October 2022




TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor, Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830



## संपादकीय

# रासायनिक हथियारों की होड़

रूस ,यूक्रेन पर तथाकथित डर्टी बम का इस्तेमाल करने की योजना बनाने का आरोप थोप रहा है. हालांकि यूक्रेन और उसके सहयोगी देशों ने इस बात का खंडन करते हुए आरोप को बेतुका बताया है। माना जा रहा है कि मॉस्को इसे अपने पड़ोसी के खिलाफ क्रेमलिन के युद्ध को आगे बढ़ाने के बहाने के तौर पर इस्तेमाल कर सकता है। डर्टी बम एक ऐसा हथियार है जो पारंपरिक विस्फोटक जैसे डायनामाइट को यूरेनियम जैसे रेडियोधर्मी सामग्री को जोड़ता है. ये अक्सर आतंकवादियों के एक हथियार के तौर पर जाना जाता है. इसे देशों के खिलाफ इस्तेमाल नहीं किया जाता, क्योंकि इसे किसी भी सैन्य लक्ष्य को खत्म करने से ज्यादा डर और दहशत फैलाने के लिए बनाया गया है। यूक्रेनी अधिकारियों ने बार-बार मॉस्को के आरोपों का खंडन किया है और कीएव के विदेश मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र के निरीक्षकों को यूक्रेन का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया है ताकि यह दिखाया जा सके कि उनके पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है. बगैर कोई सबूत किए मॉस्को का दावा है कि यूक्रेन में वैज्ञानिक संस्थान हैं जिनके पास डर्टी बम बनाने के लिए जरूरी तकनीक है. रूस यूक्रेन पर इसका इस्तेमाल करने की योजना बनाने का आरोप लगा रहा है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने 24 अक्टूबर को एक ब्रीफिंग में कहा कि उसके पास ऐसी जानकारी है जो दिखाती है कि कीएव एक डर्टी बम के विस्फोट के जरिए उकसावे की योजना बना रहा है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन के यूक्रेन की ओर से 'डर्टी बम' (ऐसा बम जिसमें यूरेनियम जैसा रेडियोएक्टिव एलीमेंट हो) के इस्तेमाल की आशंका जताए जाने के बाद युद्ध के कहीं घातक दौर में प्रवेश करने का डर बढ़ गया है। यूक्रेन और उसके अमेरिका, फ्रांस और ब्रिटेन जैसे सहयोगी देशों ने इस आरोप को बेतुका बताया है। पश्चिमी देश पहले भी कह चुके हैं कि रूस यूक्रेन के खिलाफ परमाणु हथियारों का प्रयोग करना चाहता है। इस बीच, भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू के बीच बुधवार को फोन पर बातचीत हुई। इसमें सिंह ने भारत का पुराना रुख दोहराया कि रूस और यूक्रेन दोनों को अपने झगड़े बातचीत के द्वारा जल्द से जल्द सुलझाने चाहिए, वहीं यह भी साफ किया कि परमाणु युद्ध हर कीमत पर टाला जाना चाहिए। बातचीत की पहल रूस की ओर से हुई थी। ध्यान रहे कि नैटो देशों के साथ ही रूस भी परमाणु युद्धाभ्यास चला रहा है। दोनों पक्ष इसे संभावित परमाणु हमले से बचने की तैयारी बता रहे हैं। वैसे यह भी सच है कि न्यूक्लियर ड्रिल दोनों पक्षों की नियमित सालाना कवायद का हिस्सा है, लेकिन हालात की गंभीरता को देखते हुए यह अभी ज्यादा संवेदनशील हो गया है। पश्चिमी देश आशंका जता रहे हैं कि न्यूक्लियर ड्रिल की आड़ में रूस डर्टी बम का इस्तेमाल करते हुए इसका इल्जाम यूक्रेन पर लगाने की कोशिश कर सकता है ताकि उसे और बड़ी कार्रवाई का बहाना मिल जाए। डर्टी बम परमाणु बम जितने खतरनाक नहीं होते, लेकिन इसमें भी रेडियोएक्टिव पदार्थ होते हैं और सीमित क्षेत्र में ही सही पर काफी नुकसानदेह होते हैं। बहरहाल, आज की तारीख में मुख्य चिंता डर्टी बम के इस्तेमाल से ज्यादा इस बात की है कि कहीं बात बिगड़ते हुए परमाणु युद्ध की ओर न चली जाए। यही वजह है कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सबसे ज्यादा जोर इसी बात पर दिया। जहां तक भारत की बात है तो उसने युद्ध को लेकर अपने रुख में कभी कोई नरमी नहीं आने दी। 10 अक्टूबर को जब रूस ने यूक्रेनी शहरों पर, खासकर नागरिक ठिकानों को निशाना बनाते हुए क्रूज मिसाइलें छोड़ीं तो भारत ने लड़ाई फैलने को लेकर गंभीर चिंता जाहिर की थी। इससे पहले खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन से बातचीत में कहा था कि यह युद्ध का दौर नहीं है। लेकिन इन सबके बावजूद तथ्य यह है कि शांति स्थापना के अब तक के सभी प्रयास नाकाम रहे हैं। अब युद्ध बंद करने की कोई राह जल्द से जल्द निकालने की कोशिशों को सभी संबद्ध पक्षों द्वारा पूरी गंभीरता से आगे बढ़ाए जाने की जरूरत है।

# सूर्योपासना का अनुपम लोकपर्व



**छठ पर्व छठ पष्ठी का अपभ्रंश है ।कार्तिक मास की अमावस्या को दीवाली मनाने के बाद मनाये जाने वाले इस बार दिवसीय व्रत को सबसे कठिन और महत्वपूर्ण रात्रि कार्तिक शुक्ल षष्ठी की होती है ।कार्तिक शुक्ल पक्ष के पष्ठी को यह व्रत मनाये जाने के कारण इसका नामकरण छठ व्रत पड़ा । छठ पर्व छठ या षष्ठी पूजा कार्तिक शुक्ल पक्ष के पष्ठी को मनाया जाने वाला एक हिन्दू पर्व है ।सूर्योपासना का यह अनुपम लोकपर्व मुख्य रूप से पूर्वी भारत के बिहार , झारखण्ड , पूर्वी उत्तर को इस्लाम सहित अन्य धर्मावलम्बी भी मनाते देखे गये हैं ।धीरे - धीरे यह त्यौहार प्रवासी भारतीयों के साथ - साथ विश्वभर में प्रचलित हो गया है ।छठ पूजा सूर्य और उनकी पत्नी उषा को समर्पित है ताकि उन्हें पृथ्वी पर जीवन की देवताओं को बहाल करने के लिए धन्यवाद और कुछ शुभकामनाएं देने का अनुरोध किया जाए ।**

छठ भारत में सूर्योपासना के लिए प्रसिद्ध पर्व है छठ मूलतः सूर्य पष्ठी व्रत होने के कारण इसे छठ कहा गया है । यह पर्व में दो बार मनाया जाता है । पहली बार चैत्र में और दूसरी बार कार्तिक में चैत्र शुक्ल पक्ष षष्ठी पर मानये जाने वाले छठ पर्व को चैती छठ व कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी पर मनाये जाने वाले पर्व को कार्तिकी छठ कहा जाता है । छठ व्रत के सम्बन्ध में अनेक कथाएँ प्रचलित है , उनमें से एक कथा के अनुसार जब पांडव अपना सारा राजपाट जुए में हार गये , तब श्री कृष्ण द्वारा बताये जाने पर द्रोपदी ने छठ व्रत रखा । तब उनको मनोकामनाएँ पूरी हुई तथा पांडवों को राजपाट वापस मिला । लोक परम्परा के अनुसार सूर्यदेव और छठी मइया का सम्बन्ध भाई बहन का है । छठ पर्व को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो षष्ठी तिथि ( छठ ) को एक विशेष खगोलीय परिवर्तन होता है , इस समय सूर्य की पराबैगनी किरणें ( द्यह्लह्ड्ड ड्ढ्ढश्यद्दह्ल ऋड्ड4ह्य ) पृथ्वी की सतह पर सामान्य से अधिक मात्रा में एकत्र हो जाती हैं इस कारण इसके सम्भावित कुप्रभावों से मानव की यथासम्भव रक्षा करन छठ जैसी खगोलीय स्थिति ( चन्द्रमा और पृथ्वी के भ्रमण तलों की सम रेखा के दोनों छोरों पर ) सूर्य की पराबैगनी किरणें कुछ चंद्र सतह से परावर्तित तथा कुछ गोलीय अपवर्तित होती हुई पृथ्वी पर पुनः सामान्य से अधिक मात्रा में पहुँच जाती है । वायुमंडल के स्तरों में आवर्तित होती हुई , सूर्यास्त तथा सूर्योदय को यह और भी सघन हो जाती हैं । ज्योतिषीय गणना के अनुसार यह घटना कार्तिक तथा चैत्र मास की अमावस्था के छः दिन उपरान्त आती है । इसका नाम इसीलिए छठ पर्व ही रखा गया है ।

## छठ पर्व किस प्रकार मानते हैं ?

यह पर्व चार दिनों का है । भैयादूज के तीसरे दिन से यह आरम्भ होता है । पहले दिन सेन्धा नमक घी से बना हुआ अरवा चावल और कद्दू की सब्जी प्रसाद के रूप में ली जाती है । अगले दिन से उपवास आरम्भ होता है । व्रति दिनभर अन्न - जल त्याग कर शाम करीब 7 बजे से खीर बनाकर , पूजा करने के उपरान्त प्रसाद ग्रहण करते हैं , जिसे खरना कहते हैं । तीसरे दिन डूबते हुए सूर्य को अर्ध्य यानी दूध अर्पण करते हैं । अंतिम दिन उगते हुए सूर्य को अर्ध्य चढ़ाते हैं । पूजा में पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जाता है लहसून , प्याज वर्जित होता है । जिन घरों में यह पूजा होती है , वहाँ भक्तिगीत गाये जाते हैं । अंत में लोगो को पूजा का प्रसाद दिया जाता हैं । नहाय खाय पहला दिन कार्तिक शुक्ल चतुर्थी ‘‘ नहाय - खाय ‘‘ के रूप में मनाया जाता है । सबसे पहले घर की सफाई कर उसे पवित्र किया जाता है । इसके पश्चात छठव्रती स्नान कर पवित्र तरीके से बने शुद्ध शाकाहारी भोजन ग्रहण कर व्रत की शुरुआत करते हैं । घर के सभी सदस्य व्रति के भोजनोपरांत ही भोजन ग्रहण करते हैं । भोजन के रूप में कद्दू - दाल और चावल ग्रहण किया जाता है । यह दाल चने की होती हैं।

## लोहंडा और खरना

दूसरे दिन कार्तिक शुक्ल पंचमी को व्रतधारी दिनभर का उपवास रखने के बाद शाम को भोजन करते हैं । इसे खरना कहा जाता है । प्रसाद के रूप में गन्ने के रस में बने हुए चावल की खीर के साथ दूध चावन का पिट्ठा और घी चुपड़ी रोटी बनाई जाती है । इसमें नमक या चीनी का उपयोग नहीं किया जाता है । इस दौरान पूरे घर की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाता है ।

## संध्या अर्ध्य-

तीसरे दिन कर्तिक शुक्ल षष्ठी को दिन में छूट का प्रसाद बनाया जाता है । प्रसाद के रूप में ठेकुआ जिसे क्षेत्रों में टिकरी भी कहते हैं , के अलावा चावल में लड्डू जिसे लहुआ भी कहा जाता हैं । इसके अलावा चढ़ावा के रूप में लाया गया साँचा और फल भी छट प्रसाद के रूप में शामिल होता है ।

शाम को पूरी तैयारी और व्यवस्था कर बाँस की टोकरी में अध्यं देने चाट की और चल पड़ते हैं । सभी छठव्रति एक नियत तालाब या नदी किनारे इकट्ठा होकर सामूहिक रूप से अर्ध्य दान संपन्न करते हैं । सूर्य को जल और दूध का अर्ध्य दिया जाता है तथा छठी मैया की प्रसाद भरे सूप से पूजा की जाती है ।

## उषा अर्ध्य-

चौथे दिन कार्तिक शुक्ल सप्तमी की सुबह उदियमान सूर्य को अर्ध्य दिया जाता है । व्रति वहीं पुन ऱ्इकट्ठा होते हैं । जहाँ उन्होंने पूर्व संध्या को अर्ध्य दिया था । पुन ऱ पिछले शाम की प्रक्रिया की पुनरावृत्ति होती है । सभी व्रति तथा श्रद्धालु घर वापस आते हैं , बति घर वापस आकर गाँव के पीपल के पेड़ जिसको ब्रहम बाबा कहते हैं वहाँ जाकर पूजा करते हैं । पूजा के पश्चात् व्रति कच्चे दूध का शरबत पीकर तथा थोड़ा प्रसाद खाकर व्रत पूर्ण करते हैं जिसे पारण या परना कहते हैं ।

## व्रत

छठ उत्सव के केंद्र में छट ब्रज है जो एक कठिन तपस्या की तरह है । यह छठ व्रत अधिकतर महिलाओं द्वारा किया जाता है , कुछ पुरुष भी इस व्रत रखते हैं । व्रत रखने वाली महिलाओं को परवैतिन कहा जाता है । चार दिनों के इस व्रत में व्रति को लगातार उपवास करना होता है । भोजन के साथ ही सुखद शैय्या का भी त्याग किया जाता है । पर्व के लिए बनाये गये कमरे में व्रति फर्श पर एक कम्बल या चादर के सहारे ही रात बिताती हैं । इस उत्सव में शामिल होने वाले नये कपड़े पहनते हैं । जिनमें किसी प्रकार की सिलाई नहीं की गयी होती है व्रति को ऐसे कपड़े पहनना अनिवार्य होता है । महिलाएँ साड़ी और पुरुष धोती पहनकर छट करते हैं । च छठ पर्व को शुरू करने के बाद सालों साल तब तक करना होता है , जब तक कि अगली पीढ़ी की किसी विवाहित महिला इसके लिए तैयार न हो जाए । घर में किसी की मृत्यु हो जाने पर यह पर्व नहीं मनाया जाता है ।

ऐसी मान्यता है कि छट पर्व पर व्रत करने वाली महिलाओं को पुत्र रत्न की प्राप्ति होती है । पुत्र की चाहत रखने वाली और पुत्र कुशलता । के लिए सामान्य तौर पर महिलाएँ यह व्रत रखती हैं । पुरूष भी पूरी निष्ठा से अपने मनोवांछित कार्य को सफल होने के लिए की व्रत रखते हैं ।

भारत में सूर्योपासना ऋग्ग वैदिक काल से होती आ रही है । सूर्य और इसकी उपासना की चर्चा विष्णु पुराण , भगवत पुराण , ब्रहमा वैवर्त पुराण आदि में विस्तार से की गयी है । मध्य काल तक छठ सूपपासना के व्यवस्थित पर्व के रूप में प्रतिष्ठित हो गया , जो अभी तक चला आ रहा है ।

पौराणिक काल में सूर्य को आरोग्य देवता भी माना जाने लगा था । सूर्य की किरणों में कई रोगी को नष्ट करने की क्षमता पायी गयी । ऋषि मुनियों ने अपने अनुसन्धान के क्रम में किसी खास दिन इसका प्रभाव विशेष पाया । सम्भवतः यही छठ पर्व के उद्धव की बेला की बेला रही हो । भगवाल कृष्ण के पौत्र शाम्ब को कुष्ठ रोग हो गया था । इस रोग से मुक्ति के लिए विशेष सूर्योपासना की गयी जिसके लिए शाक्य द्वीपव से ब्राहमणों को बुलाया गया था ।

छठ पूजा की परम्परा और उसके महत्व का प्रतिपादन करने वाली पौराणिक और लोक कथाएँ प्रचलित हैं ।

## छठ गीत .

लोकपर्व छठ के विभिन्न अवसरों पर जैसे प्रसाद बनाते समय , खरना के समय , अर्ध्य देने के लिए जाते हुए , अर्ध्य दान के समय और धाट से घर लौटते मसय अनेकों सुमधुर और भक्ति - भाव से पूर्ण लोकगीत गाये जाते हैं ।

1. केलवा जे फरेला घवट से , ओह पर सुगा मेडराय
2. काँच ही बाँस के बहंगिया , बहंगी लचकत जाए
3. सेविले चरन तोहार है छठी मइया । महिमा तोहर अपार।
4. उगु न सुरुज देव भइलो अरग के बेर ।
5. निंदिया के मातल सुरूज अँखियो न खोले है ।
6. चार कोना के पोखरवा
7. हम करेली छठ बरतिया से उनखे लागी ।

**मुकेश सिंह**
**अध्यापक कमला नेहरू नगर , जबलपुर**

# आपका राशिफल 30 अक्टूबर

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ) — अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शुभांक-5-7-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। एकाकी प्रवृति का त्याग करें। यात्रा न करें। शुभांक-4-6-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) — शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-4-6-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। शुभांक-3-6-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अत:आलस्य का त्याग करें। शुभांक-4-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। धार्मिक कार्य शुभ रहेगा। शुभांक-2-4-6

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। सफलता मिलेगी। सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें। शुभांक-3-6-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू) — व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंग। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-2-5-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है। शुभांक-2-5-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी) — मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। शुद्ध गोचर का लाभ। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-3-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंग। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-6-8-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा। शुभांक-5-8-9

## फिल्म वर्ग पहेली- 5971



**ऊपर से नीचे:-**

१. अमिताभ, श्रीदेवी की 'मैं तुझे कबूल' गीत वाली फिल्म-२,३
२. 'जीवन चलने का नाम' गीत वाली मनोज, जया की फिल्म-२
४. फिल्म 'आनंद' में आनंद की शीर्षक भूमिका किसने की थी?-३.२
५. शशिकपूर, शबाना की 'दिल में तुझे बिठाके' गीत वाली फिल्म-३
६. अमरीशपुरी पर फिल्माये 'ये दुनिया एक दुल्हन' गीत वाली फिल्म-४
७. 'मंदिर में ना मस्जिद' गीत वाली फिल्म-५
१३. धर्मेन्द्र, वहीदा, जया की 'कब माने हो दिल के दीवाने' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'हम जब सिमट' गीत वाली शशि, साधना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-२
१७. देवानंद, गीत बाली की 'ठंडी हवाएं लहरा के आएं' गीत वाली फिल्म-४
१८. नायक के रूप में अनिल कपूर की पहली फिल्म-३
१९. 'नींद कभी रहती थी' गीत वाली विश्वजीत, माला सिन्हा की फिल्म-३
२०. मनोजकुमार, नंदा की 'काले हैं तो क्या हुआ' गीत वाली फिल्म-४
२३. 'किताबें बहुत सी' गीत वाली फिल्म-४
२६. सर्वश्रेष्ठ फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त एक हिंदी फिल्म-३
२८. सनी, तब्बू, रीमा सेन की 'जो प्यार तुमने' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'खोया है तूने' गीत वाली लक्की अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. 'तेरे बिना तेरे बिना' गीत वाली फरदीन, करीना की फिल्म-२
३. 'ये प्यार यार क्या है' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ओ सजना बरखा बहार आई' गीत किस फिल्म का है?-३
८. अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
९. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली सनी, अमीषा की फिल्म-३
१०. अक्षय, करीना की 'तुने कहा जबसे हाँ' गीत वाली फिल्म-३
११. 'रूठे सैंया हमारे सैंया' गीत वाली धर्मेन्द्र, शर्मिला की फिल्म-३
१२. रणधीर कपूर, रेखा की फिल्म-३
१४. 'तेरी गलियों में ना रखेंगे कदम' गीत किस फिल्म का है?-३
१६. बॉबी, मनीषा, काजोल की फिल्म-२
१७. 'पल्लो लटके' गीत वाली फिल्म-३
१९. दिलीपकुमार, निम्मी की 'दिल में छुपाके' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'जो भी कसमें' गीत वाली डीनो मोरिया, बिपाशा की फिल्म-२
२२. धर्मेन्द्र, हेमा की 'राजा ना जा' गीत वाली फिल्म-३
२४. 'रूकी रूकी सी जिंदगी' गीत वाली फिल्म-२
२५. राजकुमार, प्रिया राजवंश की फिल्म-३
२७. 'संडे की रात थी' गीत वाली गोविंदा, रवीना की फिल्म-३
२८. राहुल, दीपक, पूजा भट्ट की 'मेरे दिल का पता' गीत वाली फिल्म-३
३०. 'जिंदगी आ रहा' गीत वाली की फिल्म-३
३१. विनोद, डैनी, मौसमी की 'संसार है एक नदिया' गीत वाली फिल्म-३
३२. 'तू मेरे सामने' गीत वाली फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली - 5970**



Jagrutidaur.com, Bangalore

# ज्यादा पानी पीने से हो सकते हैं शरीर को कई नुकसान

मनुष्य का शरीर लगभग 70 प्रतिशत पानी से बना है, यह बात तो सब जानते हैं। एक्सपर्ट्स भी फिट और स्वस्थ रहने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की सलाह देते हैं। परंतु ज्यादा पानी का सेवन भी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। इसके कारण आपको कई समस्याओं का सामना भी करना पड़ सकता है। बहुत से लोग डिहाइड्रेशन के लक्षणों पर ध्यान देते हैं। परंतु ओवरहाइड्रेशन के बारे में भी बहुत ही कम लोगों की जानकारी होती है।ज्यादा पानी का सेवन करने से आपके रक्त में सोडियम का स्तर कम हो सकता है। ।तो चलिए आपको बताते हैं कि ज्यादा पानी पीने से आपके शरीर में क्या-क्या संकेत दिख सकते हैं...

## सिर में दर्द

यदि आपके पूरा दिन सिर में दर्द होता है तो यह ओवरहाइड्रेशन का लक्षण भी हो सकता है। अधिक मात्रा में पानी का सेवन करने से आपके शरीर की कोशिकाओं में सूजन आ सकती है। सूजन दिमाग में भी पहुंच सकती है। जिसके कारण आपको सिर में दर्द हो सकता है।

## बिना प्यास के पीना पानी

अधिक मात्रा में पानी पीना भी यह साबित करता है कि आप ओवरहाइड्रेशन का शिकार हो रहे हैं। कई बार प्यास न लगने पर भी पानी पीना भी कई सारी समस्याएं खड़ी कर देता है। शरीर में ज्यादा पानी पाए जाने की प्रक्रिया को वॉटर इंटॉक्सिकेशन कहते हैं। वॉटर इंटॉक्सिकेशन के कारण आपके शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन बिगड़ सकता है।

## पानी की तरह दिखना पेशाब

यदि आप अधिक मात्रा में पानी का सेवन कर रहे हैं तो आपका पेशाब भी बिल्कुल पानी की तरह ही दिखेगा। जबकि पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से पेशाब को रंग हल्का पीला दिख सकता है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, पेशाब करने के दौरान भी आप इसके रंग पर भी जरुर ध्यान दें। पेशाब का रंग बदलना भी इसी बात का संकेत देता है कि आप अधिक मात्रा में पानी पी रहे हैं।

## उल्टी जैसा महसूस होना

एक्सपर्ट्स के अनुसार, ओवरहाइड्रेशन के लक्षण भी डिहाइड्रेशन के जैसे ही दिखते हैं, यदि आप अधिक मात्रा में पानी पीते हैं तो आपकी किडनी को भी नुकसान हो सकता है। किडनी अधिक मात्रा में पानी को आपके शरीर में नहीं पहुंचा पाती, जिसके कारण पानी आपके शरीर में जमा हो सकता है। इससे आपको उल्टी और दस्त जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं।

## ज्यादा पानी पीने से होते हैं ये नुकसान

डॉक्टरों के मुताबिक, एक व्यक्ति को दिन में कम से कम 3 लीटर पानी पीना चाहिए। किंतु यदि कोई व्यक्ति शरीर की जरुरत से ज्यादा पानी का सेवन करता है तो उसे भ्रम, उनींदान, क्रैम्प, मांसपेशियों में कमजोरी होना, हाई ब्लड प्रेशर, लीवर संबंधी समस्याएं हो सकती हैं।

## सूडोकु नवताल- 6483


★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | | | 6 |
| 7 | | 2 | | 5 | | | | 9 |
| | | 4 | | | 2 | 7 | 5 | |
| 5 | 7 | | | | 9 | | 1 | 8 |
| | | | | 6 | | | | |
| 6 | 1 | | 3 | | | | 2 | 4 |
| | 5 | 1 | 9 | | | 8 | | |
| 2 | | | | 8 | | 9 | | 1 |
| 9 | | | | | 3 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6482 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 4 | 7 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 8 | 9 | 4 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 2 | 4 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 2 | 4 | 9 | 3 |
| 8 | 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 3 | 2 | 4 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 4 | 2 |



**विचार प्रवाह**

रिश्ते चाहे कितने भी बुरे हों उन्हें भी निभाइए। तोड़िए मत क्योंकि पानी भले ही गंदा हो प्यास न बुझा सकता हो पर आग तो बुझा ही सकता है। मैं मानता हूं रिश्ते आजकल रोटी की तरह हो गए हैं। जरा सी आंच लगी कि जल भुन कर खाक। तुम्हें भी मानना पड़ेगा कि रिश्ते कभी भी कुदरती मौत नहीं मरते, उनका हमेशा ही इंसान कत्ल करता है कभी नफरत से तो कभी नजरअंदाजी से।

-मुनिश्री तरुण सागर

## शब्द पहेली - 7523




**बाएँ से दाएँ**

1.ईश वंदना-3
3.हाथ की तीसरी अंगुली-4
5.आगमन-2
6.स्वादिष्ट-3
7.हरसिंगार,पारिजात-2
8.क्रिकेट में बनते हैं-2
10.खौलना,उबलना-5
12.धनवान-3
15.खोदना-3
17.चुनाव,चयन-5
20.नसीब(अंग्रेजी-2)
22.कलर-2
23.रक्षक,संकटमोचक-3
24.कार्य,काज-2
25.सुंघनी,नस-4
26.पुराना जुकाम-3

**ऊपर से नीचे**

1.रुपए का सोलहवां भाग-2
2.कुलबुलाना,तड़पना-5
3.जो कभी बूढ़ा न हो-3
4.बंदूक की गोली-4
5.अभिलेख,लेख-3
7.रात,रात्रि (उर्दू-2)
9.मादा का विलोम-2
11.धुन,लगाव-3
13.चरित्र,नीयत-3
14.तफरीह-5
15.अनाज रखने की जगह-4
16.टोंटी,नलका-2
18.बहुमूल्य रत्न-2
19.अनाथ,बेसहारा-3
21.डोली उठाने वाले-3
24.सफेद का विलोम -2

**शब्द पहेली -7522 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

# मप्र है टाइगर स्टेट, भोपाल बना टाइगर कैपिटल शहर सीमा के आस-पास 12 बाघ पनाहगार



**भोपाल, ईएमएस।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल भारत की एकमात्र राजधानी है जहां के शहरी सीमा क्षेत्र में 12 से ज्यादा बाघ पनाहगार है। एमपी की पहचान जहां टाइगर स्टेट से की जाती है, तो अब भोपाल की पहचान टाइगर कैपिटल के रूप में बनती जा रही है। भोपाल को बाघों ने ना सिर्फ अपना घर बनाया है, बल्कि यह प्रजनन के लिए भी बाघों का पसंदीदा स्थान बन गया है। दरअसल भोपाल के आसपास एक ही टेरिटरी में एक से अधिक बाघों का मूवमेंट है, लेकिन बाघ ज्यादा होने से यहां टेरिटोरियल फाइट नहीं होती है। यहां की पहचान अभी तक झीलों के शहर के नाम पर तो है ही, लेकिन अब इसकी पहचान टाइगर कैपिटल के रूप में बनती जा रही है। देश भर के शहरी इलाके में भोपाल से ज्यादा बाघ कहीं नहीं है। यहां के टाइगर की खासियत है कि वो इंसान के फ्रेंड जैसे हो गए हैं। करीब 15 साल में एक भी जनहानि नहीं हुई।वहीं बाघों के मामले में भोपाल की 2 खास बातें हैं, पहली बीचो-बीच वन विहार नेशनल पार्क का होना और दूसरी आसपास बाघ का बसेरा। भोपाल के कलियासोत, केरवा, समर्था, अमोनी और भानपुर के दायरे में 12 बाघ घूम रहे हैं। जिनका जन्म यहीं हुआ है। अब इनका यहां दबदबा भी कायम है। बाघिन टी-123 का तो पूरा कुनबा ही यहां पर है। भोज यूनिवर्सिटी, वाल्मी और मैनिट में बाघ की चहल कदमी हाल ही में बनी हुई थी, लेकिन उन्होंने कभी इंसानों को नुकसान नहीं पहुंचाया। इस मामले को लेकर वाइल्डलाइफ एक्सपोर्ट डॉ सुदेश वाघमारे ने बताया कि क्षेत्राधिकार की लड़ाई बेहतर शिकार क्षेत्र को लेकर होती है। भोपाल के आसपास के बाघों को शिकार मिल रहा है, इसलिए यहां पर वर्चस्व की लड़ाई नहीं हो रही है। भोपाल में घूम रहे बाघ रेसीडेंशियल है। यहीं उनका जन्म हुआ। यह एक ही मां की संतान है, इसलिए यहां इनका मूवमेंट बना हुआ है। वन विशेषज्ञों के अनुसार एक बाघ की टेरिटरी में कम से कम चार बाघिन होती है। नर बाघों में क्षेत्राधिकार को लेकर वर्चस्व की लड़ाई होती है, मादा बाघों में नहीं। उनका अनुभव रहा है कि मादा बाघिन हमेशा अपनी ही मादा शावक के साथ अपना इलाका शेयर करती है। इसकी वजह से भोपाल के आसपास घूम रहे बाघों में क्षेत्राधिकार को लेकर वर्चस्व की लड़ाई नहीं हो रही है।

# मध्य प्रदेश के स्थापना दिवस पर 1 से 7 नवंबर तक कार्यक्रम, भोपाल में गायक शंकर, एहसान-लॉय देंगे प्रस्तुति

**भोपाल,यशभारत।** मध्य प्रदेश के 67वें स्थापना दिवस पर 1 नवंबर से 7 नवंबर तक अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। प्रदेश के स्थापना दिवस को उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। सात दिन तक अलग-अलग गतिविधियों का आयोजन विभाग अनुसार किया जाएगा। सरकारी और निजी शिक्षण संस्थाओं में मध्य प्रदेश गान होगा। सरकारी भवनों पर रोशनी की जाएगी। सभी जिला मुख्यालय पर कार्यक्रम होंगे।राजधानी के लालपरेड मैदान पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में गायक शंकर, एहसान-लॉय बैंड की प्रस्तुति देंगे। इस दिन सभी सरकारी भवनों पर लाइटिंग की जाएगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्थापना दिवस को लेकर बैठक की थी। इसमें लिए निर्णय के आदेश सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी कर दिए है। भोपाल में स्टेट लेवल का प्रोग्राम लाल परेड में शाम 7 बजे से होगा। इसमें शिव महिला आधारित 40 से 45 मिनट की अवधिक की समवेत नृत्य नाट्य की प्रस्तुति प्रस्तुत की जाएगी। इसके बाद गीत संगीत की प्रस्तुति मुंबई के पार्श्व गायक शंकर-एहसान-लॉय बैंड द्वारा दी जाएगी।



## यह कार्यक्रम भी होंगे

1 नवंबर- भोपाल में राज्य स्तर का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।
2 नवंबर- लाड़ली लक्ष्मी योजना का कार्यक्रम होगा।
3 नवंबर- स्वच्छता, ऐतिहासिक महापुरूषों की प्रतिमाओं, प्रमुख बाजारों में साफ-सफाई आदि की गतिविधियों होगी। प्रमुख स्थलों पर 67 दीप जलाए जाएंगे।
4 नवंबर- एक जिला एक उत्पाद को प्रमुखता प्रदान करती अलग-अलग गतिविधियां और रोजगार दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।
5 नवंबर- मध्य प्रदेश के गौरव के लोकनृत्य, नाटक, जननायक केंद्रित प्रतियोगिताएं होगी।
6 नवंबर- वन्य प्रणी सुरक्षा, जागरूकता, ऊर्जा पर्यावरण-जल संरक्षण केंद्रित जागरूकता, सेमिनार, व्याख्यान, चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।
7 नवंबर- जिला मुख्यालय पर सभी सभी प्रतियोगिताओं, जन सेवा अभियान, मध्य प्रदेश गौर आदि से संबंधित पुरस्कार वितरण समारोह, सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन के साथ किए जाएंगे।

# प्रदेश में अब डेंगू मार रहा डंक अब तक 1595 केस मिले

## राहत पिछले साल से कम

भोपाल यशभारत। मध्य प्रदेश में अब डेंगू के मामले बढ़ रहे है। अब तक प्रदेश में 1595 केस मिले है। हालांकि यह पिछले साल डेंगू के सामने आए मामले की तुलना में काफी कम है।मध्य प्रदेश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि अब तक प्रदेश में इस साल 21 हजार से अधिक जांच में 1595 डेंगू के मामले सामने आए है। जबकि पिछले साल 2021 में इस समय तक यह संख्या 10 हजार 102 थी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में डेंगू के लार्वा के लिए 79 लाख से अधिक घरों में सर्वेक्षण किया गया और मच्छरों को खत्म करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रोटोकॉल के अनुसार परीक्षण, उपचार और एहतियाती उपाए किए जा रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि केंद्र सरकार के निर्देशों के अनुसार डेंगू और चिकनगुनिया के मामलों का पता लगाने के लिए एलिजा जांच के लिए 64 केंद्र तय किए गए। इसके अलावा लोगों को जागरूक करने और लार्वा को खत्म करने के लिए भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश में डेंगू के मामले 2021 में 13 हजार के पार गए थे। डॉक्टरों के अनुसार तेज सिरदर्द, बुखार 104 डिग्री, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, जी मचलाना, उल्टी आना, सूजन समहित रैसेज डेंगू के लक्षण है। यह दिखने पर तुरंत डॉक्टर की सलाह लें।



# बंदी को लेकर उमा भारती ने अयोध्या आंदोलन को याद किया, कहा- ओरछा में जो घटेगा वह नजीर बनेगा

**भोपाल,ईएमएस।** मध्यप्रदेश की पूर्व सीएम उमा भारती ने कुछ दिन पहले बुंदेलखंड की चअयोध्याज ओरछा में एक शराब दुकान पर गोबर फेका था। इस घटना के बाद शराब की दुकान बंद कर दिया गया, लेकिन भाई दूज के दिन यह दुकान फिर खुल गई। दुकान खुली देख उमा भारती ने नाराजगी जाहिर की है।उमा भारती इस दुकान को खुला देख भड़क गई। उन्होंने 27 अक्टूबर को ट्वीट कर कहा, मुझे अयोध्या बहुत याद आई, लोकसभा की दो सीटों से लेकर अयोध्या ने हमें दो बार केंद्र में अपने बहुमत से सरकार बनाने की हैसियत प्रदान की। जब ढांचा गिरा, वह गैरकानूनी कृत्य माना गया। हम सब अपराधी माने गए और वहीं अंत में हमारे अपराध पर आज भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है। एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा, ओरछा की यह देशी विदेशी शराब की दुकान मुझे प्रेरणा देती है कि यहां जो घटेगा वह पूरे मध्यप्रदेश के लिए उदाहरण होगा, देखते हैं क्या होता है।ओरछा की यह देशी विदेशी शराब की दुकान मुझे प्रेरणा देती है कि यहां जो घटेगा वह पूरे मध्यप्रदेश के लिए उदाहरण होगा, देखते हैं क्या होता है। बता दें उमा भारती पिछले दिनों घोषणा कर चुकी हैं कि वे सात नवंबर से घर को त्याग देंगी। वह 7 नवंबर से 14 जनवरी तक भवन में नहीं रहेंगी। उन्होंने एलान किया था कि सात नवंबर से लक्ष्य प्राप्ति तक, जब तक नई शराब नीति को नहीं देख लेती, तब तक मैं घर में नहीं रहूंगी।जंगलों में रहूंगी, खुले में रहूंगी, टेंट में रहूंगी धार्मिक स्थानों पर रहूंगी। नदी किनारे या किसी पेड़ के नीचे या अनुचित या निषिद्ध स्थान पर शराब की दुकान या अहाते के सामने टेंट लगाकर छोटी सी चौपाल लगाऊंगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के रवैया पर वे पहले संतोष जता चुकी हैं, मगर उन्होंने एक बार फिर चेतावनी जारी की है।

# भोपाल में वीआइपी रोड पर सवारी आटो से स्टंट की जुगलबंदी

**भोपाल,यशभारत।** इंटरनेट मीडिया के बढ़ते चलन के इस दौर में स्टंटबाज युवा दूसरों का ध्यान आकर्षित करने के लिए तरह-तरह के करतब दिखाते हुए इनका वीडियो रिकार्ड कर वायरल करते रहते हैं। ऐसा ही एक वीडियो हाल में इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें राजधानी के वीआइपी रोड पर दो सवारी आटो चालक स्टंट करते नजर आ रहे हैं। ये आटो देखने में लाइटवेट बैटरी वाले लग रहे हैं, जिनमें दोनों चालक स्टंट की जुगलबंदी दिखाते हुए आटो को एक ओर झुकाते हुए तीन के बजाय दो पहियो पर दौड़ा रहे हैं। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक वाहन चालक ने इनका यह स्टंट मोबाइल पर रिकार्ड कर लिया, जो अब इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि बीच सड़क पर आटो चालकों द्वारा किए जा रहे इस स्टंट के दौरान वहां से दूसरे वाहन भी गुजर रहे हैं। ऐसे में हादसा भी हो सकता था। आटो चालकों द्वारा यह स्टंट कब किया गया, फिलहाल इसका पता नहीं चल पाया है। गौरतलब है कि वीआइपी रोड पर अक्सर युवा बाइक पर स्टंट करते नजर आते हैं। कुछ माह पहले दो युवतियों का भी बाइक स्टंट करते वीडियो वायरल हुआ था। ऐसे मामले सामने आने पर पुलिस युवाओं को समझाइश भी देती है, फिर भी ऐसी हरकतों पर रोक नहीं लग पा रही है।



# खदानें शुरू होने के बाद भी कम नहीं हुए दाम, छह हजार रुपये ट्राली बिक रही रेत

भोपाल ईएमएस। प्रदेश की खदानों से रेत खनन शुरू हुए 28 दिन बीत गए, पर उसके दाम कम नहीं हो रहे हैं। भोपाल में अब भी सात सौ घनफीट रेत का डंपर 42 हजार रुपये में आ रहा है जबकि एक ट्राली (सौ घनफीट) रेत छह हजार रुपये में बेची जा रही है। वर्षा काल में भी लगभग यही भाव थे। भाव अधिक होने के कारण भवन निर्माण लागत ब?ी हुई है और निर्माणकर्ता परेशान हैं। खनिज विभाग के अधिकारियों से भी शिकायत हो रही है पर राज्य सरकार दाम नियंत्रित करने के कोई प्रयास नहीं कर रही है। वर्षा काल (एक जुलाई से 30 सितंबर तक) रेत खदानें बंद रखी जाती हैं। इस अवधि में भंडारित (खदान से 10 किमी की परिधि में रखी गई) रेत बेची जाती हैं। भंडारण में परिवहन खर्च बढ़ने के कारण रेत भी महंगी बिकती है इसलिए जरूरी न होने पर वर्षाकाल में लोग निर्माण कार्य करने से बचते हैं। लोगों को उम्मीद थी कि वर्षा के बाद खदानें चालू होते ही रेत के भाव कम होंगे, पर ऐसा नहीं हुआ। नर्मदापुरम (होशंगाबाद) की रेत खदान का मामला कानूनी पेंच में फंसा है इसलिए वहां से वैधानिक रूप से रेत नहीं निकाली जा रही है। ठेकेदार और सप्लायर बैतूल की रायल्टी लेकर नर्मदा नदी से रेत चोरी करते हैं और भोपाल में लाकर बेचते हैं इसलिए मुंहमांगे दाम भी लेते हैं।

# मप्र में नवंबर की शुरुआत में ठंड बढ़ने के आसार

**भोपाल यशभारत।** वर्तमान में पश्चिम मध्य प्रदेश पर प्रति चक्रवात बना रहने के कारण तापमान में मामूली उतार- चढ़ाव का सिलसिला जारी है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक दो दिन बाद एक पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत की तरफ आने की संभावना है। इसके प्रभाव से उत्तर भारत के पहाड़ों पर एक बार फिर बर्फबारी होगी। हवा का रुख उत्तरी होते ही नवंबर की शुरुआत में अच्छी सर्दी शुरू होने के आसार हैं। उधर शुक्रवार को प्रदेश में सबसे कम 12 डिग्री सेल्सियस मंडला में दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान मध्य प्रदेश के सभी संभागों के जिलों में मौसम शुष्क रहा। अधिकतम तापमान भी सभी संभागों के जिलों में सामान्य रहे। न्यूनतम तापमानों में सभी संभागों के जिलों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ। ये सभी संभागों के जिलों में सामान्य रहे। शनिवार को भी मध्य प्रदेश के सभी जिलों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि पिछले चार दिनों से मध्य प्रदेश में एक प्रति चक्रवात बना हुआ है। इसके असर से हवाओं का रुख बार- बार बदल रहा है। विशेषकर उत्तरी हवा नहीं चलने के कारण रात के तापमान में विशेष गिरावट नहीं हो रही है। इस तरह की स्थिति अभी दो- तीन दिन तक बनी रह सकती है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के घर कागजों में बना दिए गए

## सतना में सामने आया घोटाला, कमलनाथ ने सरकार को घेरा

**भोपाल, यशभारत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा धनतेरस के दिन साढ़े चार लाख गरीबों को पीएम आवास दिलाने वाली मध्य प्रदेश सरकार आवास घोटाले में उलझ गई है। प्रदेश के सतना में सामने आए इस घोटाले के सामने आने पर हड़कंप मचा हुआ है। बताया जा रहा है कि इस मामले को लेकर अभी 3 लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार सतना जिले के नागौद तहसील के रहिकवारा ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना के आवास कागजों में बना दिए गए हैं। हैरान करने वाली बात यह है कि हितग्राहियों को इस बात का पता ही नहीं है कि उनके नाम से प्रधानमंत्री आवास योजना की चारों किश्तें निकालकर सरकारी फाइलों में आवास पूर्ण होना दर्ज कर दिया गया है। कच्चे झोपड़ीनुमा घरों में जीवनयापन करने वाले ग्रामीण प्रधानमंत्री आवास की लिस्ट में खुद का आवास पूर्ण देखकर हैरान परेशान हैं। सतना में प्रधानमंत्री आवास घर बनाने के लिए राशि वर्ष 2021 में स्वीकृत की गई थी। नागौद तहसील की सबसे बड़ी रहिकवारा ग्राम पंचायत में 55 घर विहीन गरीब ग्रामीणों की 1 अदद घर के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 1.20 लाख रुपये प्रति आवास के हिसाब से 66 लाख रुपये की स्वीकृत राशि बिचौलियों द्वारा निगल ली गई है। घटना सामने आने के बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को जांच का ऐलान किया। निर्देश के बाद सतना जिला पंचायत के सीईओ ने गांव के पूर्व सरपंच बलवेन्द्र प्रताप सिंह, पंचायत समन्वयक अधिकारी राजेश्वर कुजूर और 1 रोजगार सहायक बृजकिशोर कुशवाहा के खिलाफ नागौद थाने में भारतीय दंड विधान की धारा 420, 409 और 34 में मामला दर्ज किया गया है। घोटाला उजागर होने के बाद रहिकवारा पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाये गये 653 घरों के निर्माण कार्यों को भी जांच के दायरे में लिया गया है। सीईओ ने 10 टीमें गठित करते हुए जांच शुरू करवाई है। रहिकवारा के जिस पूर्व सरपंच आदित्य प्रताप सिंह बघेल के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है वह सतना भाजपा के लगातार 2 बार अध्यक्ष रहे हैं।

वहीं सतना में प्रधानमंत्री आवास योजना में घोटाला सामने आने के बाद विपक्ष आक्रामक है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा है कि प्रदेश में हर योजना में भ्रष्टाचार हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भ्रष्टाचार प्रदेश सरकार की दिनचर्या का अंग बन चुका है। बता दें कि कमलनाथ ने शिवराज सरकार पर निशाना साधते हुए ट्वीट किया कि शिवराज सरकार में ना सिर्फ़ मध्यप्रदेश की हर योजना में भ्रष्टाचार, घोटाले व फ़र्ज़ीवाडे के मामले रोज़ सामने आते है, बल्कि केन्द्र सरकार की हर योजना में भी प्रदेश में भ्रष्टाचार, फ़र्ज़ीवाडे के मामले रोज़ सामने आते है। चाहे पीएम आवास योजना हो या फ़्री राशन वितरण का मामला हो, सभी में प्रदेश में जमकर फ़र्ज़ीवाड़ा सामने आ रहा है। भ्रष्टाचार प्रदेश सरकार की दिनचर्या का अंग बन चुका है।




# आधार की तरह सबकी हेल्थ आईडी तैयार होगी

## देश में कहीं भी इलाज कराने फाइल ले जाने की जरूरत नहीं, शहर में 40 जगह बनना शुरू

**भोपाल , यशभारत।** अब आधार की तरह सबकी हेल्थ आईडी तैयार होगी। इसमें हर व्यक्ति का स्वास्थ्य से जुड़ा पूरा लेखा-जोखा दर्ज रहेगा। इसके लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) आईडी बनाई जा रही है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत आईडी बनने के लिए शहर में करीब 40 स्वास्थ्य संस्थाओं पर सुविधा शुरू की गई है। लोग जेपी अस्पताल के अलावा आसपास के किसी भी सरकारी अस्पताल में पहुंचकर फ्री में आभा आईडी बनवा सकते हैं। आभा आईडी में व्यक्ति की एक-एक बीमारी के संबंध में की गई जांच और जांच रिपोर्ट के अलावा जो इलाज दिया गया, उसका पूरा रिकॉर्ड दर्ज होगा। इसका बड़ा फायदा ये होगा कि व्यक्ति को अपनी जांच और इलाज के रिकॉर्ड की फाइल संभालकर रखने और हर बार साथ लेकर जाने के झंझट से मुक्ति मिल जाएगी। सबसे ज्यादा फायदा उन लोगों को होगा, जिन्हें कोई गंभीर बीमारी है। साथ ही शहर में मेडिकल इमरजेंसी हुई तो उनकी आभा आईडी से डॉक्टर उनकी पूरी मेडिकल हिस्ट्री देख पाएंगे। यहां बनवा सकते हैं... जेपी के अलावा किसी भी सरकारी सीएचसी, पीएचसी, सिविल अस्पताल, सिविल डिस्पेंसरी और समस्त संजीवनी क्लीनिक में ओपीडी के वक्त यह आईडी बनवा सकते हैं।



### आधार कार्ड और आधार से लिंक मोबाइल नंबर जरूरी, रजिस्ट्रेशन ऐसे कराएं

जो व्यक्ति आभा आईडी बनवाने जा रहे हैं, वह अपना आधार कार्ड और आधार से लिंक कराया गया मोबाइल साथ लेकर जाएं। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया के दौरान उक्त मोबाइल नंबर पर ही मैसेज आएगा, जो रजिस्ट्रेशन के दौरान बताना अनिवार्य है।

### मेडिकल हिस्ट्री देख सकेंगे

व्यक्ति के मेडिकल रिकॉर्ड को कहीं से भी एक्सेस किया जा सकेगा। इसके लिए व्यक्ति को आभा आईडी बतानी होगी। इसके माध्यम से डॉक्टर आपकी मेडिकल हिस्ट्री देख पाएगा। डॉक्टर को आभा आईडी में एक्सेस करने के लिए ओटीपी की जरूरत पड़ेगी। यह ओटीपी संबंधित के मोबाइल नंबर पर आएगा।

सभी लोगों की आभा आईडी बनाई जानी है। इसकी शुरुआत कर दी है। स्वास्थ्य संस्थाओं के कर्मचारियों ने कार्ड बनाना शुरू कर दिया हैं। सबको आगे आकर आभा आईडी बनवानी चाहिए।

-डॉ. प्रभाकर तिवारी, सीएमएचओ

# प्रदेश में 66 हजार अधिकारियों-कर्मचारियों के दो माह नहीं होंगे तबादले

**भोपाल यशभारत।** मध्य प्रदेश में 66 हजार अधिकारियों-कर्मचारियों के तबादले अब दो माह नहीं होंगे। इसमें कमिश्नर, कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, शिक्षक, पटवारी शामिल हैं। इन सभी को नौ नवंबर से प्रारंभ होने जा रहे मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य को संपन्न करवाना है। इसे देखते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने सामान्य प्रशासन विभाग को पत्र लिखा है। यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी का तबादला करना आवश्यक है तो विभाग को पहले निर्वाचन आयोग की अनुमति लेनी होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि मतदाता सूची के कार्य में संभागायुक्तों को पर्यवेक्षक बनाया गया है। वहीं, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के नेतृत्व में पुनरीक्षण कार्य संपन्न् होना है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाया है।

# मिशन 2023: वचन पत्र के साथ आरोप पत्र भी लाएगी कांग्रेस



**भोपाल,यशभारत।** मध्य प्रदेश में आगामी 2023 विधानसभा चुनाव के लिए तैयारियां तेज हो गई है। दोनों ही मुख्य राजनीतिक पार्टियां अपने तरीके से तैयारियों में जुट गई है। ऐसे में कांग्रेस ने भाजपा को दुबारा हराने के लिए एक मास्टरप्लान बनाया है। 2018 में कांग्रेस को जिस फॉर्मूले के तहत जीत मिली थी, 2023 में भी उसी फॉर्मूले को लागू करने की तैयारी है।दरअसल 2018 में कांग्रेस ने वचन पत्र जारी किया था। बताया जा रहा है कि इस बार भी वचन पत्र तैयार किया जा रहा है। लेकिन इस बार कांग्रेस वचन पत्र के साथ-साथ एक और पत्र जाने जा रही है। जिसकी जानकारी खुद कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने दी है। इस बार भाजपा को घेरने के लिए कांग्रेस वचन पत्र के साथ-साथ मध्य प्रदेश में आरोप पत्र भी जारी करेगी। इसकी जानकारी देते हुए सज्जन सिंह वर्मा ने बताया कि वचन पत्र के साथ आरोप पत्र भी तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वचन पत्र जितना जरूरी है आरोप पत्र भी उतना ही जरूरी है। पूर्व मंत्री ने बताया कि आरोपी पत्र में भ्रष्टाचारी भाजपा सरकार ने जो सपने मध्य प्रदेश की जनता, नौजवानों और जो किसानों को दिखाए है उनका उल्लेख होगा। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने जो बातें अपने घोषणा पत्र में की थी वह पूरी नहीं हो पाई है। और हम उन बातों को आरोप पत्र में लेंगे। उन्होंने कहा 16 नगर निगम का वचन पत्र और आरोप पत्र भी अलग बनेगा। दोनों पत्र अलग-अलग बनेंगे, इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई है। वहीं 2023 विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस सरकार बनने पर शराबबंदी को लेकर एक कमेटी बनाएंगे जो इसके गुण और दोष दोनों पर विचार करेंगी। बता दें कि 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने वचन पत्र जारी किया था, जिसमें किसान कर्ज माफी का मुद्दा सबसे ऊपर रखा गया था। ऐसा माना जा रहा है कि कांग्रेस इस बार फिर उसी वचन पत्र के साथ चुनाव में उतरेगी।

## 1 से 7 नवंबर तक होंगे विविध आयोजन, प्राप्त आवेदनों का समय पर निराकरण करने के निर्देश



# जिले में मध्यप्रदेश उत्सव के रूप में मनाया जायेगा स्थापना दिवस

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने म.प्र. स्थापना दिवस कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत 1 से 7 नवंबर तक राज्य शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार जिले में विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिले में प्रदेश का स्थापना दिवस मध्यप्रदेश उत्सव के रूप में मनाने का निर्देश दिया। इसमें 1 नवंबर को म.प्र. स्थापना दिवस, 2 नवंबर को लाड़ली लक्ष्मी योजना कार्यक्रम, 3 नवंबर को स्वच्छता सजावट, रंगोली आदि पर केन्द्रित कार्यक्रम, 4 नवंबर को एक जिला एक उत्पाद व रोजगार दिवस कार्यक्रम, 5 नवंबर को म.प्र. के गौरव के दृष्टिगत विभिन्न प्रतियोगितायें, 6 नवंबर को वन्यप्राणी सुरक्षा, ऊर्जा, पर्यावरण व जल संरक्षण, जागरूकता पर केन्द्रित कार्यक्रम और 7 नवंबर को जिला मुख्यालय पर सभी प्रतियोगिताओं, जन सेवा अभियान, म.प्र. गौरव आदि से संबंधित पुरस्कार व प्रमाण पत्र वितरण व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन शामिल हैं। सभी विभाग प्रमुख अधिकारी निर्धारित कार्यक्रम और दिशा-निर्देशों के अनुसार अभी से म.प्र. स्थापना दिवस के कार्यक्रमों की तैयारियां प्रारंभ करें और अपने विभाग से संबंधित दायित्वों का समय पर निर्वहन करें। सभी कार्यक्रमों में निर्वाचित जनप्रतिधियों के साथ ही अन्य जनप्रतिधियों व गणमान्य नागरिकों को आंमंत्रित करें। कलेक्टर श्री मिश्रा गुरुवार को आयोजित बैठक में तदाशय के निर्देश दिए । उन्होंने मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के लंबित आवेदनों के साथ ही आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, सीएम हेल्पलाईन और अन्य विषयों की प्रगति की समीक्षा भी की।

बैठक में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों में निराकरण और सीएम हेल्पलाइन शिकायतों में निराकरण की विभागवार विस्तृत समीक्षा करते हुये कहा कि मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण में जिले में अच्छा काम हुआ है। शेष लंबित आवेदनों का निराकरण भी यथाशीघ्र कराते हुए राज्य शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभों का वितरण कराने की तैयारी करें। उन्होंने कहा कि जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य अभियान रूप में लगातार जारी रहेगा, जब तक प्रत्येक पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से लाभान्वित ना हो जाए। इसी के अनुरूप प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करें। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड बनाने की इस गति को निरंतर बनाये रखें जिससे समय पर कार्य पूर्ण हो सके। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड के साथ ही पशुपालकों व मत्स्य पालकों के किसान क्रेडिट कार्ड बनाने के लक्ष्य को भी शीघ्र पूर्ण करने के लिये तैयार प्रकरणों को बैंकों में जमा कराने के निर्देश दिये। उन्होंने मत्स्य पालकों के किसान क्रेडिट कार्ड बनाने के कार्य की प्रगति कम पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने उज्जवला योजना, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, ग्रामीण पथ विक्रेता योजना, शहरी पथ विक्रेता योजना और अन्य योजनाओ के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कर उन्हें पोर्टल में दर्ज करने के निर्देश भी दिये।

कलेक्टर ने बैठक में सभी एसडीएम को निर्देश दिये कि बैंकों की शाखावार मेपिंग कर ऋण प्रकरणों के आवेदन संबंधित अधिकारियों के माध्यम से बैंकों को भिजवायें। अपने अनुविभाग में शामिल तहसील, विकासखंड और नगरीय निकायों के अधिकारियों की प्रतिदिन बैठक लेकर लंबित आवेदनों की प्रगति की समीक्षा करें, फील्ड में जाकर वास्तविक स्थिति देखें और मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान और सीएम हेल्पलाईन से संबंधित लंबित आवेदनों का समय पर निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सीएम हेल्पलाईन के प्रकरण आवेदक की संतुष्टि के साथ निराकृत करने की प्रक्रिया पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये जिससे उच्च गुणवत्ता से बेहतर रैंकिंग प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि अग्रणी बैंक, पंचायत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, श्रम आदि विभाग ऐसे हैं, जिनके आवेदन मैदानी स्तर पर संबंधित बैंक शाखा, ग्राम पंचायत अथवा नगरीय निकाय में लंबित रहते हैं, ऐसे आवेदनों में विशेष रूप से ध्यान देकर आवेदनों का निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में अंतर्विभागीय समन्वय से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर भी चर्चा की गई और बेहतर आपसी समन्वय बनाते हुए प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत, अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो, नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे, जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह ,लोकसेवा ज़िला प्रबंधक दिनेश विश्वकर्मा , एसडीएम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## कटाये घाट मेले की व्यवस्थाओं के लिए निगमायुक्त ने सौंपे दायित्व

**कटनी,यशभारत।** श्री बजरंग कटाये घाट मेले का आयोजन 8 नवंबर से 12 नवंबर तक कटनी नदी के किनारे कटाये घाट में किया जाना है। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने मेले के आयोजन हेतु निगम की आवश्यक व्यवस्थाओं एवं कार्यक्रम के संबंध में आवश्यक कार्यवाही हेतु उपयुक्त पवन कुमार अहिरवार को मेला का प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया जाकर व्यवस्थाओं के क्रियान्वयन एवं निष्पादन हेतु विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों को दायित्व सौपे है। निगमायुक्त श्री धाकरे ने मेला स्थल पहुंच मार्ग की मरम्मत पुताई, आवश्यकतानुसार पंडाल, स्पीकर, माईक, टेबल इत्यादि की व्यवस्थाओं हेतु लोक निर्माण शाखा, समुचित प्रकाश व्यवस्था हेतु विद्युत शाखा, पूर्व वर्षो की भांति दुकान,स्टाल, वाहन स्टैंड आदि की प्लानिंग प्लाटिंग कराते हुए मेले हेतु बुकिंग कराने, वाहन स्टैंड, शासकीय विभागों की प्रियदर्शनी स्टाल लगवानें की व्यवस्था हेतु मेला प्रभारी सहित राजस्व शाखा एव बाजार शाखा को निर्देशित किया है। मेले के दौरान स्वच्छ भारत मिशन से संबंधित गतिविधियों के प्रचार प्रसार एवं स्वच्छा संबंधी जानकारी प्रदाय करने, पेयजल की समुचित व्यवस्था करने, मेले स्थल पर भजन कार्यक्रम की व्यवस्था एवं मेले मे होने वाले कार्यक्रमों से सबंधित स्टेज संचालन का कार्य, मेला पहुंच मार्ग एवं मेला प्रांगण की समुचित साफ सफाई, कीटनाशक दवा का छिड़काव कराने हेतु विभागीय अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित खेलकूद प्रतियोगिता, बुन्देलखण्डी नृत्य का होगा आयोजन

निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा मेले के दौरान आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों, खेलकूंद प्रतियोगिता तथा विज्ञान प्रदर्शनी से संबंधित समस्त व्यवस्था का दायित्व प्राचार्य के.सी.एस.उ.मा.वि., साधूराम उ.मा. शाला एवं अधीनस्थ स्टाफ को सौंपा जाकर आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कराने के निर्देश दिए है। मेले के दौरान एक दिवसीय कवि सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन तथा 3 दिवसीय बुन्देलखण्डी नृत्य का आयोजन किया जावेगा। इसके अतिरिक्त नगर निगम से संचालित शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु प्रदर्शनी भी लगाई जावेगी। फ्लेक्स, बैनर के माध्यम से मेले का प्रचार प्रसार कराने, पुरस्कार वितरण, प्रमाण पत्र आदि की व्यवस्था कराने हेतु निगम के विभागीय अधिकारी कर्मचारियों को निर्देश प्रदान किए गए है।

## फॉरेस्टर खेल मैदान में 100 मीटर दौड़ का आयोजन 30 को

**कटनी,यशभारत।** जिला मास्टर्स एथलेटिक्स संघ के माध्यम से 30 अक्टूबर रविवार प्रातः 8 बजे से 100 मीटर दौड़ का आयोजन फॉरेस्टर खेल मैदान में किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता आयु वर्ग 10 वर्ष, 15 वर्ष, 20 वर्ष, 25 वर्ष, 30 वर्ष, 35 वर्ष से कम आयु के बालक/बालिकाओं की व 35 वर्ष, 40 वर्ष, 45 वर्ष, 50 वर्ष, 55 वर्ष, 60 वर्ष, 65 वर्ष, 70 वर्ष, 75 वर्ष, 80 वर्ष से अधिक पुरूषों एवं महिलाओं की होगी। आलोक जोसफ ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु संघ अध्यक्ष राजेश मनोध्या, सचिव अलोक कुमार जूडराज (जोसफ), कोषाध्यक्ष के. एल. कनकने, सहसचिव देवी सिंह (डब्बू) डायमण्ड/नेचर्स स्कूल व जगदीश प्रसाद गुप्ता बार्डस्ले इं.मी. सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल, बृजमोहन प्यासी से संपर्क कर अपना रजिस्ट्रेशन करायें।



## ग्राम हदरहटा में निकाली गई नशामुक्ति रैली

**कटनी,यशभारत।** जन अभियान परिषद ब्लाक बडवारा की नवांकुर संस्था खितौली के द्वारा ग्राम पंचायत हदरहटा में नशा मुक्ति रैली एवं स्वच्छता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया ।जिसमें पूरे ग्राम में रैली निकाल कर लोगों को नशा मुक्ति एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया कार्यक्रम में नवांकुर संस्था प्रमुख मनोज तिवारी, सेक्टर प्रभारी व मेंटर कंछेदी कोरी, प्रस्फुटन समिति से देवेश सिंह, सुरेश सिंह,दिलीप सिंह, ओंमकार यादव , महेन्द्र पुरी, रामसरोवर पाल ,सीएमसी एल डीपी छात्र राजाराम,सतीश चौधरी, ग्राम पंचायत हदरहटा सरपंच, सचिव दादूराम सिंह, रोजगार सहायक रामदुलारे नामदेव, देवराज त्रिपाठी, एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## महापौर एवं निगमाध्यक्ष भी पहुंचे अन्नकूट में, तैयारियों का लिया जायजा






**कटनी,यशभारत।** अन्नकूट महोत्सव पर्व पर नगर के सत्यनारायण मंदिर एवं मंगल नगर स्थित रंगनाथ मंदिर में निगम प्रशासन द्वारा की जाने वाली आवश्यक व्यवस्थाओं का महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमाध्यक्ष मनीष पाठक द्वारा जायजा लिया जाकर आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा सत्यनारायण मंदिर पहुंचकर मंदिर प्रांगण के बाहर निगम प्रशासन द्वारा की जानें वाली आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया जाकर उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ प्रसाद ग्रहण किया। निगमाध्यक्ष मनीष पाठक द्वारा रंगनाथ मंदिर परिसर का निरीक्षण किया जाकर आगामी दिवसों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम हेतु साफ सफाई एवं निगम की अन्य व्यवस्थाओं हेतु दिशा निर्देश प्रदान किए गए। निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउन्सिल सदस्य श्रीमती बीना बैनर्जी, सुमन राजू माखीजा, अपील समिति सदस्य मथुरा तिवारी समाजसेवी राजू शर्मा, भगवान दास महेश्वरी सहित निगम के अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## मंदिरों एवं घाटों के आसपास की जा रही विशेष साफ- सफाई





**कटनी,यशभारत।** दीपावली पर्व के दौरान नगर की सफाई व्यवस्था को उच्च स्तरीय बनाए रखने हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देश पर रोजाना दो शिफ्ट में नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने के प्रयास किये जा रहे है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी नें बताया कि वर्तमान में चल रहे पर्वो को दृष्टिगत रखते हुए नगर में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। गुरूवार प्रातः भगवान चित्रगुप्त पूजन के अवसर पर मोहन घाट की सफाई सहित अन्नकूट महोत्सव को दृष्टिगत रखते हुए सत्यनारायण मंदिर मुख्य मार्ग, रंगनाथ मंदिर परिसर की सफाई उपरान्त चूनें के लाइनिंग का कार्य कराया गया। छठ पूजन की व्यवस्थाओं के तहत बाबा घाट, मोहन घाट, छपरवाह घाट, बजरंग घाट सहित नगर के अन्य घाट स्थलों के आसपास विशेष सफाई का कार्य कराया गया। इसके साथ ही नगर के विभिन्न प्वाइंटों की सफाई कराई जाकर डोर टू डोर कचरे के संग्रहण का कार्य किया जाकर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने के प्रयास किए गए। प्रातः कालीन सफाई व्यवस्था के तहत नगर के विभिन्न स्थलों कुठला बस्ती, पन्ना मोड मुख्य मार्ग एवं डिवाइडर, बस स्टैंड परिसर, चांडक चौक, महात्मा गांधी वार्ड की विभिन्न गलियों की सफाई कराई जाकर जैन कॉलोनी एवं रावत गली में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया।



नगर के अन्य मुख्य मार्गो मिशन चौक, बरगवां मुख्य मार्ग एवं कार्यालय कलेक्ट्रेट के सामनें स्थित डिवाइडर, नई बस्ती, वार्ड क्रमांक 17 गायत्री मंदिर के बाजू वाली गली, दुर्गा चौक खिरहनी मुख्य मार्ग, शिवाजी वार्ड उपस्वास्थ्य केन्द्र तथा मुख्य मार्ग, वार्ड क्र. 21 गायत्री नगर, बरगवां ओव्हर ब्रिज के नीचे, स्टेट बैंक तिराहा, सिविल लाईन, वार्ड क्रमांक 27 की विभिन्न गलियों, कावसजी वार्ड भट्टा मोहल्ला, वार्ड क्र . 35 आर.पी.एफथाने के सामने सहित नगर के अन्य स्थलों की सफाई कराई जाकर कचरे के संग्रहण का कार्य किया गया।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | - | 150/- |
| 3 दिन | - | 250/- |
| 7 दिन | - | 500/- |
| 15 दिन | - | 1200/- |
| 30 दिन | - | 1800/- |

साईज- 5x1

आवश्यकता, खरीदना-बेचना अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें

यश भारत

कचहरी चौक, कटनी

फोनः- 07622-230033

Email :- katni@yashbharat.com

# रन मशीन कोहली ने 2019 के बाद पहली बार हासिल की यह उपलब्धि, अब निशाने पर बड़ा रिकॉर्ड



**सिडनी ,एजेंसी।** भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली इन दिनों शानदार फॉर्म में हैं। एशिया कप से उन्होंने अपनी पुरानी लय हासिल कर ली है। कोहली टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 82 रन की पारी खेलने के बाद नीदरलैंड के खिलाफ नाबाद 62 रन बनाए। वह इस टूर्नामेंट में अब तक आउट नहीं हुए हैं। कोहली ने इसी बीच एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। उनके इस साल 1000 रन पूरे हो गए हैं। कोहली ने 2019 के बाद एक साल में एक हजार रन का आंकड़ा पार किया है। 2020 और 2021 में उनका बल्ला नहीं चला था। इस कारण उनकी आलोचना भी हुई थी। कई क्रिकेट एक्सपर्ट तो उन्हें टीम से बाहर करने की मांग भी कर रहे थे, लेकिन कोहली ने सभी आलोचकों का मुंह बंद कर दिया है। विराट के इस साल 28 मैचों की 31 पारियों में 1024 रन हो गए हैं। इस दौरान उनका औसत 39.38 का रहा है। उन्होंने एक शतक और नौ अर्धशतक लगाया था। अफगानिस्तान के खिलाफ एशिया कप में नाबाद 122 रन की पारी उनका उच्चतम स्कोर है। कोहली ने 2020 में 22 मैचों की 24 पारियों में 36.60 की औसत से 842 रन बनाए थे। इस दौरान सात अर्धशतक लगाए थे। उनका उच्चतम स्कोर 89 रन था। वहीं, 2021 में उन्होंने 24 मैचों की 30 पारियों में 964 रन बनाए थे। विराट का औसत इस दौरान 37.07 रहा था। उन्होंने नौ अर्धशतक लगाए थे। तब उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 80 रन था। कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ जुलाई में हुई सीरीज के बाद ब्रेक लिया था। वह तरोताजा होकर एशिया कप में लौटे। उन्होंने इस टूर्नामेंट के दौरान अपना 71वां अंतरराष्ट्रीय शतक लगाया था। विराट एक हजार से ज्यादा दिनों के बाद शतक लगाने में कामयाब हुए थे। उन्होंने एशिया कप की पांच पारियों में 92 की औसत से 276 रन बनाए थे। इस दौरान एक शतक और दो अर्धशतक लगाए थे। एशिया कप के बाद ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज में दो अर्धशतक जड़े थे। मौजूदा टी20 वर्ल्ड कप में कोहली भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने दो मैचों में 144 रन बनाए थे। दोनों मुकाबलों में विराट ने अर्धशतक लगाया है। वह टी20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में चौथे स्थान पर हैं। उनसे ज्यादा रन श्रीलंका के कुसल मेंडिस ( 176 रन ), नीदरलैंड के मैक्स ओडाड ( 153 रन ) और जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा ( 145 रन ) ने बनाए हैं।

# सेमीफाइनल में भारत पहुंचा तो किससे होगी भिड़ंत

## यह है ग्रुप-1 का पूरा समीकरण, टॉप-4 टीमों के 3-3 अंक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच शुक्रवार को सुपर-12 के ग्रुप-1 का मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया। ये मैच सेमीफाइनल में पहुंचने के लिहाज से दोनों टीमों के लिए काफी अहम था।इसके अलावा शुक्रवार को एक और मैच अफगानिस्तान और आयरलैंड के बीच खेला जाना था। यह मैच भी बारिश के कारण रद्द हो गया। अब इस ग्रुप की 6 में से 4 टीमें न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और आयरलैंड 3-3 पॉइंट पर अटकी हुई हैं। इससे ग्रुप में कॉम्पिटिशन बहुत बढ़ गया है। भारतीय टीम अगर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचती है तो इन्हीं में से किसी एक के साथ भिड़ंत हो सकती है।

### सबसे पहले श्रीलंका की बात

श्रीलंका के खाते में 2 मैचों से 2 अंक हैं। श्रीलंका का नेट रन रेट +0.45 है,। दासुन शनाका की कप्तानी वाली टीम को अभी तीन मुकाबले और खेलने हैं। टूर्नामेंट की टॉप-4 टीमों में जगह बनाने के लिए उसे इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान को हराना होगा। अगर ये तीनों मैच टीम जीत जाती है तो वह 8 पॉइंट्स के साथ आसानी से टॉप-4 में पहुंच जाएगी। तीन मैच जीतने की स्थिति में टीम को अन्य टीमों के नतीजे पर निर्भर रहना होगा।

### इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया भी अभी रेस में हैं

अगर शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड मैच हो जाता तो इसमें हारने वाली टीम के लिए अंतिम चार में पहुंचना लगभग असंभव हो जाता। बारिश के कारण मैच रद्द होने से अब दोनों ही टीमें रेस में कायम हैं। इनमें से जो भी टीम अपने आखिरी दोनों मुकाबले जीत लेगी सेमीफाइनल में पहुंचने की उसकी उम्मीद ज्यादा होगी।



अभी इंग्लैंड की टीम तीन मैचों में तीन अंक के साथ दूसरे स्थान पर गई है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के अब तीन मैचों में तीन अंक है और उसका नेट रन रेट -1.555 है जो इंग्लैंड के +0.239 नेट रन रेट से काफी खराब है। ऑस्ट्रेलिया सुपर-12 में अगले दो मुकाबले आयरलैंड और अफगानिस्तान से खेलने वाली है। ऑस्ट्रेलिया अगर इन टीमों से बड़े अंतर से जीतती है तो उसका नेट रन बेहतर हो जाएगा।वहीं, दूसरी तरफ इंग्लैंड को न्यूजीलैंड और श्रीलंका की टीमों का सामना करना है। न्यूजीलैंड ने पहले ही मैच में मेजबान ऑस्ट्रेलिया को हराया था। ऐसे में इंग्लैंड के लिए कीवी टीम को हराना आसान नहीं होगा। अगर इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया अपने-अपने बाकी बचे मैच जीत जाती है तो इनके 7-7 अंक होंगे।

### न्यूजीलैंड टॉप पर

न्यूजीलैंड 3 अंकों के साथ ग्रुप-1 में टॉप पर है। अभी उसको 3 और मैच श्रीलंका, इंग्लैंड और आयरलैंड के खिलाफ खेलने हैं। इन तीनों मुकाबले को अगर न्यूजीलैंड की टीम जीत लेती है तो उसके 9 अंक हो जाएंगे और टीम आसानी से सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी।हालांकि ये इतना आसान नहीं होगा। अगर न्यूजीलैंड की टीम श्रीलंका और इंग्लैंड से हार जाती है और आयरलैंड से जीत जाती है तो उसके सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद न के बराबर रह जाएगी।

### भारत का किससे हो सकता है सामने

अगर भारतीय टीम ग्रुप-2 में टॉप पर रहती है तो सेमीफाइनल में उसकी भिड़ंत ग्रुप-1 में दूसरे नंबर पर रहने वाली टीम से होगी। वहीं, भारत अगर दूसरे नंबर पर रहता है तो उसका मुकाबला ग्रुप-1 के टेबल टॉपर से होगा। अभी तक की स्थिति में न्यूजीलैंड के टेबल टॉपर बनने के आसार ज्यादा नजर आ रहे हैं। वहीं, दूसरे स्थान के लिए ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में होड़ रहने की उम्मीद है। हालांकि, लगातार बारिश और एक के बाद एक उलटफेर के कारण अभी कुछ भी प्रिडिक्ट कर पाना काफी मुश्किल है।

### आयरलैंड और अफगानिस्तान का सेमीफाइनल में पहुंचना मुश्किल

आयरलैंड को ग्रुप-1 में दो बड़े मैच खेलने हैं। ये दोनों टीमें ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड हैं, दोनों टीमों ने पिछले वर्ल्ड कप में फाइनल का सफर तय किया था। अभी आयरलैंड के तीन पॉइंट हैं और उसे सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए 2 मुकाबले हर हाल में जीतने होंगे। अगर वह एक भी मैच हारती है तो सेमीफाइनल के रेस से बाहर हो जाएगी। अफगानिस्तान सेमीफाइनल की रेस से लगभग बाहर है। उसने अभी तक सुपर-12 में तीन मुकाबले खेले हैं। इंग्लैंड के खिलाफ उसे हार मिली। वहीं, आयरलैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच बारिश के कारण धुल गया था। ऐसे में उसके अभी 2 पॉइंट हैं। अफगानिस्तान को इस ग्रुप में 2 और मैच श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलने हैं, जो उसके लिए काफी मुश्किल मुकाबले होंगे। अगर एक भी मुकाबला अफगानिस्तान हारती है तो वह सेमीफाइनल से बाहर हो जाएगी।

# पाकिस्तान के पूर्व खिलाड़ी का बड़ा दावा, अगर शोएब टीम में होता तो हम इंडिया-जिम्बाब्वे दोनो से जीत जाते



नई दिल्ली,ईएमएस । टी20 वर्ल्ड कप 2022 में पाकिस्तान के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद हर कोई टीम के चयन और परफॉर्मेंस पर सवाल उठा रहा है। ऐसे में कई पूर्व दिग्गज खिलाड़ियों ने टीम में शोएब मलिक की कमी खलने की भी बात की है। पाकिस्तान पिछले कुछ समय से अपने खराब मिडिल ऑर्डर से जूझ रहा है। ओपनिंग स्लॉट में अगर बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान की जोड़ी फेल होती है तो टीम बड़े स्कोर तक नहीं पहुंच पाती। यही वजह है ऑस्ट्रेलिया में जारी इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान बड़ा स्कोर नहीं कर पाया। ऐसे में अब पाकिस्तान के पूर्व खिलाड़ी आकिब जावेद ने दावा किया है कि अगर शोएब मलिक इस टीम का हिस्सा होते तो पाकिस्तान भारत और जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच जीत जाता। आकिब ने जियो न्यूज पर कहा च्अगर मलिक इस टीम में होता .. वो सबसे ज्यादा फिट है, और सबसे ज्यादा उसको गेम-अवेयरनेस है। ये दोनो मैच हम जीत जाते। उन्होंने आगे कहा च्हम दिन में ही बात कर रहे थे कि पाकिस्तान को इस मैच में बड़े अंतर से जीतना चाहिए। यह कमजोर टीम है आप इसके खिलाफ 13-14 ओवर में मैच खत्म करें। लेकिन इन्हें अजीब ही बैटिंग करनी है, अब क्या बॉलर्स इन्हें 50 रन पर ऑलआउट करके दें। जब आप दूसरी परिस्थितियों में खेलने जाते हैं तो आपकी टेकनिक एक्सपोज होती है। मोहम्मद रिजवान जिस तरह से खेल रहा था मैं उससे हैरान था। हैदर अली को तो बॉल रोकना भी नहीं सिखाया लेकिन आपने उसे पाकिस्तानी टीम का हिस्सा बना लिया।



# रश्मिका मंदाना नहीं सामंथा को विजय देवरकोंडा ने बताया अपना 'प्यार', किया ट्वीट

**मुंबई, एजेंसी।** विजय देवरकोंडा तेलुगू इंडस्ट्री के बड़े सुपरस्टार हैं। उनका बॉलीवुड डेब्यू सफल नहीं रहा। कुछ समय पहले उनकी फिल्म लाइगर रिलीज हुई थी। विजय का नाम साउथ की एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना से जोड़ा जाता रहा है। दोनों इंडस्ट्री के हॉटेस्ट एक्टर्स में से है। हालांकि अभी तक उन्होंने साफ तौर पर अपने रिश्ते को कबूल नहीं किया है। इस बीच विजय ने अपने ट्वीट से सभी को चौंका दिया जिसमें उन्होंने सामंथा रुथ प्रभु को अपना 'प्यार' बताया। उन्होंने कहा कि वह कॉलेज के दिनों से सामंथा की फिल्मों को देखते आ रहे हैं।

### 5 भाषाओं में रिलीज होगी फिल्म

साउथ फिल्में जिस तरह हिंदी भाषी क्षेत्रों में तहलका मचा रही हैं उसके बाद सामंथा रुथ प्रभु की आने वाली फिल्म यशोदा का फैन्स को इंतजार है। फिल्म सरोगेसी रैकेट की कहानी है। सामंथा इसमें सरोगेट मां बनी हैं। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। यह 11 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यशोदा को तमिल और तेलुगू में बनाया गया है। इसे हिंदी, कन्नड़ और मलयालम में डब किया जाएगा।

### विजय ने शेयर किया ट्रेलर

विजय देवरकोंडा अपने ट्वीट में लिखते हैं, 'उनसे प्यार हो गया था जब एक कॉलेज के बच्चे के रूप में मैंने उन्हें पहली बार बड़े पर्दे पर देखा था। आज मैं उनकी हर चीज की प्रशंसा करता हूं। वह बहुत प्यारी हैं। आप सभी के साथ शेयर करते हुए खुशी महसूस हो रही है, सामंथा की नई फिल्म यशोदा का ट्रेलर। 11 नवंबर 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# ठुमकेश्वरी कृति सेनन पर फिदा हुए भेड़िया वरुण धवन, श्रद्धा कपूर के सरप्राइज ने लगाया तड़का

मुंबई ,ईएमएस । अभिनेता वरुण धवन बीते कई दिनों से अपनी फिल्म भेड़िया को लेकर खबरों में बने हुए हैं । हाल ही में फिल्म का टीजर और ट्रेलर रिलीज हुआ था, जिसे दर्शकों ने पसंद किया । इसके बाद अब फिल्म का पहला गाना ठुमकेश्वरी रिलीज हो गया है । इस गाने में वरुण धवन और कृति सेनन नजर आ रहे हैं । वहीं गाने में श्रद्धा कपूर भी नजर आ रही हैं और फैन्स को उनका ये सरप्राइज काफी पसंद आ रहा है । ठुमकेश्वरी के हुक स्टेप को फैन्स पसंद कर रहे हैं ।

### गणेश ने किया है कोरियोग्राफ

ठुमकेश्वरी एक फंकी कूल डांस नंबर है जिसमें वरुण धवन और कृति सेनन अपने शानदार देसी डांस में बेस्ट अंदाज में नजर आ रहे हैं और गणेश आचार्य की इलेक्ट्रिक कोरियोग्राफी पर लहरा रहे हैं। सॉन्ग के बारे में बात करते हुए वरुण धवन कहते हैं, ठुमकेश्वरी एक ऐसा नंबर है जिसे डांस फ्लोर पर आग लगाने के लिए बनाया गया है। मुझे इसकी फंकी धुन पर परफॉर्म करने में बहुत मजा आया। इस गाने के बोल बेहद आकर्षक हैं और मुझे यकीन है कि फैंस को इस ट्रैक पर डांस करने में मजा आने वाला है।



### श्रद्धा ने लूटी महफिल

सॉन्ग का सबसे बड़ा अट्रैक्शन स्त्री फिल्म की लीड श्रद्धा कपूर की शानदार स्पेशल अपीयरेंस है। लाल रंग में श्रद्धा अपना सेक्सी अंदाज फ्लॉन्ट करते हुए, वरुण के साथ थिरकती हुई देखने लायक है। पहले स्त्री में निर्देशक अमर कौशिक के साथ काम करने के बाद, हमें यह आश्चर्य होता है कि क्या श्रद्धा के कुछ और रूप भी देखने के लिए हैं। इस गाने में कृति सेनन रंग-बिरंगे कपड़ों में नजर आ रही हैं, जो उनके ट्रेडमार्क चार्म को बिखेर रहा है।

# ग्लैमर वर्ल्ड में आते ही बदल गई शनाया कपूर की सूरत, सुहाना का पुराना फोटो देखा ?



**मुंबई, एजेंसी। कपूर फैमिली की छोटी बेटी शनाया की फिल्म पर अभी तक काम शुरू नहीं हुआ लेकिन वह किसी सिलेब से कम नहीं। उनकी बेस्ट फ्रेंड अनन्या कई फिल्में कर चुकी हैं। सुहाना भी द आर्चीज साइन कर चुकी हैं। इस बीच शनाया ने ग्लैमर वर्ल्ड में अपनी धाक जमाने की जबरदस्त तैयारी कर ली है। शनाया के इंस्टाग्राम पर उनकी लेटेस्ट तस्वीरें आग लगा रही हैं। इस बीच उनके कुछ पुराने फोटोज भी सामने आए हैं। जिन्हें देखकर आपको लगेगा कि उन्होंने कितनी जबरदस्त ग्रूमिंग की है।**

### कॉस्मेटिक ट्रीटमेंट पर ट्रोलिंग

शनाया संजय और महीप कपूर की बेटी हैं। उनकी बहन खुशी, भाई अर्जुन पहले से ही इंडस्ट्री का हिस्सा हैं। शनाया को करण जौहर धर्मा प्रोडक्शन के लिए साइन कर चुके हैं। उनके डेब्यू का लोगों का इंतजार है। इस बीच वह अपने फोटोशूट्स से लोगों को दिलों की धड़कनें बढ़ा रही हैं। कुछ वक्त पहले शनाया को उनके बदले लुक पर ट्रोल किया गया था। उनकी तस्वीरों पर कमेंट्स थे कि शनाया ने कॉस्मेटिक ट्रीटमेंट करवाए हैं। अब उनकी कुछ पुरानी तस्वीरें वायरल हैं जिन्हें देखकर समझ आ रहा है कि शनाया का लुक वाकई काफी बदल गया है। उनके लिप्स और नाक में काफी बदलाव दिख रहा है।

### सुहाना में भी जबरदस्त ग्रूमिंग

सिर्फ शनाया ही नहीं उनकी बेस्ट फ्रेंड्स सुहाना का ट्रांसफॉर्मेशन देखकर भी लोग काफी हैरान हैं। बीते दिनों सुहाना साड़ी पहनकर मनीष मल्होत्रा की दिवाली पार्टी में पहुंची थीं। पैप्स के इंस्टा पर वायरल फोटोज पर कई लोगों ने कमेंट किए कि उन्हें वह दीपिका पादुकोण जैसी दिख रही हैं। सुहाना की तारीफ उनके डैड शाहरुख खान ने भी की थी और पूछा था कि साड़ी किसने पहनाई। सुहाना ने इसका जवाब दिया था, गौरी खान।

# फैंस के साथ जमीन पर बैठ खाना खाती दिखीं शहनाज गिल, एक्ट्रेस की सादगी के कायल हुए फैंस



**मुंबई,ईएमएस।** बिग बॉस 13ज्से सुर्खियों में आई शहनाज गिल कौर आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। शहनाज जहां भी जाती हैं वहां छा जाती हैं। इतना ही नहीं, शहनाज की एक झलक पाने के लिए फैंस घंटों इंतजार करने के लिए तैयार रहते हैं। वहीं, उनकी मासूमियत हर बार लोगों का दिल जीत लेती है। बीते दिनों, शहनाज अपने एक इवेंट के सिलसिले में दुबई गई थीं, जहां से अभिनेत्री ने तस्वीरें शेयर कीं। लेकिन अब शहनाज ने अपने दुबई ट्रिप का एक व्लॉग यूट्यूब पर शेयर किया है, जिसमें शहनाज की सादगी ने फैंस का ध्यान खींच लिया। दरअसल, इस वीडियो में शहनाज अपनी टीम के साथ खूब मस्ती करती नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने दुबई में फ्लाइट से उतरने से लेकर इवेंट की झलक और फ्री टाइम में अपनी टीम के साथ मस्ती करने तक, सब कुछ फैंस को इस वीडियो में दिखाया है। इसी बीच वह वीडियो में अपने फैंस के साथ बैठकर खाना खाती हुई भी नजर आई हैं। शहनाज के इस सिंपल अंदाज ने फैंस का ध्यान खींच लिया है। दुबई जाने के बाद शहनाज ने अपने कुछ फैंस से भी मुलाकात की थी। इतना ही नहीं, अभिनेत्री उनके घर गई और वहां पर शहनाज ने सबके साथ जमीन पर बैठकर खाना भी खाया। वीडियो में शहनाज कलरफुल लॉन्ग टॉप और शॉट्स पहने नजर आ रही हैं और वह हाथ से खाना खाती हुई दिख रही हैं। शहनाज के इस अंदाज की सोशल मीडिया पर जमकर तारीफ हो रही है। बता दें कि हाल ही में शहनाज गिल बॉलीवुड की कई दिवाली पार्टी में नजर आई थीं। इस दौरान शहनाज की तस्वीरें खूब वायरल हुई थीं, जिसमें वह विक्की कौशल के साथ नजर आई थीं। इस तस्वीर में विक्की ने शहनाज को साइड से टाइट वाला हग किया हुआ था और दोनों के चेहरे पर एक लंबी स्माइल थी। शहनाज ने ही इन तस्वीरों को शेयर किया था। तस्वीर में दोनों ही ब्लैक आउटफिट में ट्विनिंग करते दिख रहे थे।

## 75वें गणतंत्र दिवस पर रिलीज होगी फाइटर

**मुंबई,ईएमएस।** भारत के 75वें गणतंत्र दिवस का जश्न मनाते हुए, वायकॉम 18 स्टूडियोज और मार्फ्लिक्स पिक्चर्स द्वारा एक्शन पैक्ड बिग स्क्रीन फिल्म फाइटर 25 जनवरी 2024 को रिलीज़ होने के लिए तैयार है। इस फिल्म में ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण भारतीय वायु सेना के पायलट के रूप में दिखाई देंगे। फिल्म में अनिल कपूर भी अहम भूमिका में हैं। फाइटर के साथ निर्माता बने, निर्देशक सिद्धार्थ आनंद, जो भारत की सबसे बड़ी एक्शन फिल्मों को बनाने के लिए जाने जाते हैं, इस फिल्म को शानदार बनाने के लिए हर मुमकिन कोशिश कर रहें है, जो दर्शकों को सेल्यूलाइड पर नेवर सीन बिफोर एक्सपीरियंस देने के लिए तैयार है। भारत के सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि देने वाली यह फिल्म रिपब्लिक डे वीकेंड के लिए एक परफेक्ट रिलीज है। कई मायनों में फाइटर भारत की पहली एरियल एक्शन फिल्म होगी। यह पहली बार है जब इस फिल्म में ऋतिक रोशन ने दीपिका पादुकोण के साथ स्क्रीन स्पेस साझा किया है। निर्माता अजीत अंधारे के भारतीय सिनेमा में एक अंतरराष्ट्रीय स्तर की एक्शन फिल्म लाने के दृष्टिकोण के साथ, फिल्म का इरादा वैश्विक दर्शकों को अपील करना है, जिसकी कहानी भारत में गहराई से बसी हुई है।



# हंगामेदार रही नगर सरकार की पहली बैठक, मुद्दों को लेकर पक्ष-विपक्ष एकजुट

## एमएसडब्ल्यू की लचर कार्यप्रणाली को लेकर उठे सवाल, बिना बिल दिए 26 करोड़ वसूलने का मुद्दा छाया रहा, कांग्रेस पार्षदों ने कहा – अनुबंध निरस्त किया जाए

कटनी, यशभारत। नवनिर्वाचित नगर सरकार की पहली बैठक हंगामेदार रही। विपक्ष के तगड़े विरोध के बीच कई मुद्दों पर जमकर कहासुनी हुई। वैसे तो परिषद की पहली बैठक में नगर विकास की योजनाओं पर चर्चा करते हुए निर्णय लिए जाने थे लेकिन एजेंडे में शामिल एकमात्र मुद्दे पर ही चर्चा हो पाई और भाजपा व कांग्रेस के पार्षदों ने इस प्रस्ताव पर असहमति दिखाई, जिस पर इसे सर्वसम्मति से निरस्त कर दिया गया। परिषद की पहली बैठक में कांग्रेस के पार्षदों ने नगर निगम आयुक्त सहित अन्य अधिकारियों की जमकर खिंचाई की। पार्षदों को तवज्जो नहीं दिए जाने का मुद्दा जब उठा तो नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने भी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कमिश्नर की ओर इशारा करते हुए कहा कि किसी भी मामले को आप हलके में न लें। आप पार्षदों व जनप्रतिनिधियों को समझते क्या हैं। पार्षदों के सम्मान में कोई कमी नहीं आनी चाहिए। समय पर जानकारी उपलब्ध कराई जाए।इसके पहले नगर निगम की नई परिषद का सामान्य सम्मिलन की शुरूआत राष्ट्रगीत से की गई।



नगर निगम के अधिकारियों ने विधायक संदीप जायसवाल, महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक एवं नगर निगम के मेयर इन काउंसिल सदस्यों, अपील समिति के सदस्यों एवं पार्षदों का निगम के अधिकारियों द्वारा का पुष्पगुच्छ एवं पुष्प मालाओं से स्वागत किया गया। स्वागत की औपचारिकता के बाद तब प्रश्नों के जवाब की बारी आई तो जिम्मेदार अधिकारी जवाब नहीं दे पाए। बैठक के दौरान शहर में स्वच्छता के नाम पर करोड़ों रुपयों के वारे-न्यारे करने वाली कंपनी एमएसडब्ल्यू में चल रहे भ्रष्टाचार, आइएचएसडीपी योजना के भवनों, ट्रांसपोर्ट नगर, जन निजी भागीदारी मॉडल के तहत शहर में दूधिया रोशनी वाली इलइडी लाइट का मुद्दा छाया रहा। वरिष्ठ पार्षद मिथलेश जैन एवं मौसूफ अहमद के तीखे सवालों पर चर्चा शुरू हुई तो प्रभारी सचिव पारस प्रजापति की बोलती बंद हो गई। मिथलेश जैन ने डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन कंपनी एमएसडब्ल्यू की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते कहा कि शहर की जनता से एमएसडब्ल्यू ने बिना बिल दिए 26 करोड़ रुपए वसूले हैं, जो गलत है। ठेका कंपनी पर्यावरण को भी काफी नुकसान पहुंचा रही है। कंपनी के कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण के बगैर काम कराया जा रहा है। कंपनी का अनुबंध निरस्त करने की बजाय निगम अफसरों ने महापौर, एमआईसीए परिषद में विषय को लाए बैगर मॉनीटरिंग कमेटी ने प्रति टन कचरा उठाने के मूल्य को 1900 रुपए से बढ़ाकर 2500 रुपए कर दिया गया है। यूजर चार्ज नगर निगम संपत्तिकर के साथ वसूल के दे रही है। पूर्व निगम अध्यक्ष, पार्षदों की 900 से लेकर 1 हजार तक शिकायतें हैं, इसके बावजूद कंपनी को भुगतान किया गया। नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने एमएसडब्ल्यू की जांच के लिए पांच सदस्यीय कमेटी बनाने के निर्देश दिए।

### चर्चा के बाद एलईडी लाइट का प्रस्ताव निरस्त

पीपीपी मॉडल से शहर में एलईडी लाइट लगाने के प्रस्ताव का पूरी सदन ने जमकर विरोध किया। भाजपा और कांग्रेस पार्षदों ने अध्यक्ष के समक्ष नगर निगम अफसरों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि शहर में पर्याप्त रूप से नगर निगम बिजली उपलब्ध नहीं करा पा रहा है और इस नए प्रोजेक्ट के बाद जनता पर बोझ बढ़ेगा। इस पर महापौर प्रीति सूरी ने चर्चा कर अगले सम्मिलन में चर्चा करने के लिए कहा लेकिन अधिकांश पार्षदों के विरोध के बाद अध्यक्ष ने इस प्रस्ताव को सदन की आसंदी से निरस्त किया।

### क्या कहा महापौर ने

महापौर प्रीति संजीव सूरी ने परिषद की बैठक के पूर्व उपस्थित समस्त जन प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर एक साथ मिलकर नगर का विकास कार्य करने की बात कही। महापौर प्रीति सूरी ने कहा कि हम सभी को एक जनप्रतिनिधि के रूप में सेवा करने का मौका जनता ने दिया है। इसी सेवा भाव से हमें नागरिकों के निर्णय पर खरा उतरने हेतु नगर को विकास की गति प्रदान करनी है। सबको साथ मिलकर काम करना है।

### मिल जुलकर करेंगे काम : मनीष पाठक

नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने कहा कि परिषद के गठन के उपरांत हम सब यहां पर शहर विकास के लिए मिलजुल कर निर्णय लेने एवं उसे कार्यरूप में परिणित करने के लिए उपस्थित हुए है। आज सदन में दो बार के पूर्व महापौर एवं विधायक संदीप जायसवाल, पूर्व महापौर राजकुमारी जैन, पूर्व निगमाध्यक्ष संतोष शुक्ला, वरिष्ठ पार्षद मिथलेश जैन एवं मौसूफ अहमद बिट्टू उपस्थित हैं, इन सभी के अनुभवों का लाभ इस सदन के माध्यम से निगम को प्राप्त होगा।

### आप पार्षदों को समझते क्या हैं

नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र धाकरे और विभागीय अफसरों की कार्यप्रणाली को लेकर पार्षदों में खासी नाराजगी दिखी। इस दौरान पार्षद मिथलेश जैन ने कहा कि नगर निगम के अधिकारी जानकारी ही नहीं देते। इस पर सदन की आसंदी से नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि किसी भी मामले को आप हलके में न लें। आप पार्षदों व जनप्रतिनिधियों को समझते क्या हैं। पार्षदों के सम्मान में कोई कमी नहीं आनी चाहिए। समय पर जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

## गाटरघाट में घाट निर्माण की मांग उठाई पार्षद ने

चंद्रशेखर आजाद वार्ड की पार्षद नीतू कपिल रजक ने वार्ड की प्रमुख समस्याओं के निराकरण की मांग की है। जिसमे प्रमुख रूप से कटनी नदी के गाटरघाट में घाट निर्माण, जीवन दायिनी, मां स्वरूप कटनी नदी में गंदे नाले को मिलने से रोकने के लिए डायवर्टर यूनिट स्थापित किया जाने की मांग कल 28 अक्टूबर को आयोजित नगर परिषद की बैठक में उठाते हुए जल्द से जल्द इसका निराकरण किए जाने की मांग की है। पार्षद श्रीमति नीतू कपिल रजक ने कहा कि गाटरघाट में पुल निर्माण के बाद अब यहां कटनी नदी का अस्तित्व ही समाप्त हो गया है। मूर्ति विसर्जन के लिए कुंड तो बना दिया जाता है लेकिन इसके बाद भी अन्य कार्यों के लिए यहां घाट ही नहीं है। जिससे लोगों को परेशानी होती है। नगर निगम प्रशासन को यहां घाट का निर्माण करवाना चाहिए।

## नेता प्रतिपक्ष ने उठाया दुकानों के किरायेदारी के अनुबंधों का मुद्दा

नेता प्रतिपक्ष रागिनी गुप्ता ने बैठक में बस स्टैंड, सराफा बाजार, झंडा बाजार, गोल बाजार, बिलैया तलैया, सब्जी मंडी की दुकानों के किरायेदारों के अनुबंधों को लेकर अन्य विषय में चर्चा किए जाने को लेकर पत्र लिखा था, जिसमें चर्चा करते हुए रागिनी मनोज गुप्ता ने अध्यक्ष से व्यवस्था दिए जाने की मांग की। नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त ने शासन के संपत्ति अंतरण अधिनियम का हवाला दिया गया। उक्त विषय पर वरिष्ठ पार्षद मिथलेश जैन एडवोकेट द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व में किराए में दी गई दुकानों पर संपत्ति अंतरण अधिनियम लागू नहीं किए जा सकते। रागिनी गुप्ता की मांग पर नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने पूरी जानकारी के साथ उक्त विषय पर नगर निगम परिषद पर एजेंडा के रूप में चर्चा कराए जाने की मांग की।

## जुआ फड़ों पर पुलिस की दबिश, 13 प्रकरण दर्ज, 41 जुआरी दबोचे गए



कटनी, यशभारत। दीपावली पर फड़ों में बैठकर हार-जीत का दांव लगा रहे 41 जुआरियों को रीठी पुलिस ने पकड़ा है। जुआरियों के पास से नगदी, ताशपत्ते और अन्य सामग्री भी जब्त की गई है। रीठी पुलिस ने जगह-जगह बैठ रहे जुआ फड़ों पर कार्रवाई करते हुए ग्राम रीठी, डांग, बरहटा, मुहांस, टहकारी, बड़गांव, गुरजीकला ग्रामों में दबिश देकर कुल 13 प्रकरण दर्ज किए हैं। 41 जुआरियों पर कार्रवाई की गई है। पुलिस ने इन जुआरियों के कब्जे से 12 हजार रुपए की राशि, ताशपत्ते व अन्य सामग्री जब्त की है। कार्रवाई में थाना प्रभारी सतीश तिवारी, नरेंद्र सिंह बघेल, भोलाराम गुप्ता, सुनील बागरी, भोलेशंकर हल्दकार, रत्ने तिवारी, केशव मिश्रा, अतुल श्रीवास्तव की भूमिका रही।

# क्षेत्र का विकास और जनता का कल्याण मेरा प्रमुख ध्येय

## दीवाली मिलन कार्यक्रम में पहुंचे विधायक संजय पाठक, ग्रामीणों को दी कई सौगातें

कटनी, यशभारत। विजयराघवगढ़ विधानसभा का विकास और जनता का कल्याण ही आपके प्रधान सेवक के रूप में मेरा प्रमुख ध्येय है। सबका साथ, सबका विकास का नारा चरितार्थ करते हुए राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, यही मेरा लक्ष्य है। यह उद्गार दीपावली मिलन के लिए विजयराघवगढ़ विधानसभा के ग्राम मोहास, कांटी, धौरा, सतवारा, पौनिया, बरुआ, रोहनिया पहुंचने पर शुभकामनाएं देते हुए मप्र शासन के पूर्व मंत्री एवं विजयराघवगढ़ क्षेत्र के विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने व्यक्त किए। सभी गांवों में पहुंचकर ग्रामवासियों को दीपावली मिलन कार्यक्रम में इस पांच दिवसीय पावन पर्व की शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उन्होंने संवाद भी किया। इसी क्रम में सर्वप्रथम उन्होंने ग्राम मुहास में पहुंचने पर ग्रामवासियों को शुभकामनाएं प्रदान की। ग्रामवासियों की मांग पर ग्राम के कुम्हार मोहल्ला, बर्मन मोहल्ला में एक-एक रंगमंच की स्वीकृति प्रदान की। सभी को जानकारी दी कि मुहास से घुनसुर सड़क निर्माण स्वीकृत हो रही है। आवश्यक कार्यवाही के बाद जल्द निर्माण होगा, इसके पश्चात धौरा, सिजहनी पंचायत में धौरा से बड़वारा विधानसभा के ग्राम सुड्डी को जोड़ने के लिए बनाई जाने वाली नवीन सड़क के भूमिपूजन कार्यक्रम में विधायक संजय पाठक ने कहा कि हमारा धौरा, सिजहनी क्षेत्र पिछले 30 सालों में आर्थिक विकास यात्रा में तेजी से अपने पथ पर आगे बढ़ा है। मुझे याद है कांटी से धौरा आने के लिए बहुत घूमकर आना पड़ता था। आने का कच्चा रास्ता था, जिस पर





### विद्युत संबंधित समस्याओं का जल्द होगा समाधान, विधायक ने स्वीकृति कराए 400 से अधिक नवीन ट्रांसफार्मर

गाड़ी फंस जाती थी। क्रमशः विकास के क्रम के बाद आज 5 मिनिट का रास्ता है। इसी प्रकार धौरा, सुड्डी मार्ग के बनने से क्षेत्र को भी बहुत लाभ होगा। आज गांव धौरा सिजहनी सहित विधानसभा के हर गांव अपनी विकास यात्रा के लिए जाने जा रहे हैं। गांव के घर-घर तक टोंटी लगाकर स्वच्छ जल पहुंचाने की हमारी सरकार की महत्वपूर्ण योजना के कार्य प्रगति पर है। ग्रामीण क्षेत्र में जले हुए ट्रांसफार्मर की समस्या के हल के विषय में बोलते हुए उन्होंने कहा कि किसान बिजली का उपयोग कर रहे हैं तो नियमित बिल भी जमा करते चले। ट्रांसफार्मर में लग्गी लगाने से उनके जलने का खतरा होता है, इसके लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता है। विशेष प्रयास करते हुए हमने विधानसभा के लिए 400 से अधिक नवीन ट्रांसफार्मर विधानसभा में लगाने की प्रस्ताव को शासन से अनुमति मांगी है। जल्द ही ये ट्रांसफार्मर गांवों के खेतों तक लगाए जाएंगे, जिससे आने वाले समय में बिजली की समस्या का हल संभव होगा। इस अवसर पर उन्होंने मद्यपान निषेध पखवाड़े के तहत उपस्थित समुदाय को इस सामाजिक बुराई से दूर रहने की शपथ दिलाई। इसी तरह उन्होंने ग्राम सतवारा, पौनिया, बरुआ में विधायक निधि से रंगमंच बनाने को स्वीकृति दी।

#### इनकी रही उपस्थिति

इस दौरान जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुधा कोल, उपाध्यक्ष उदयराज सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष जयवंत सिंह, मनीष मिश्रा, अंकुर गौवर, रंगलाल पटेल, अनूप शुक्ला सहित जनपद सीईओ राजेश शुक्ला, तहसीलदार, बड़वारा व विजयराघवगढ़ टीआई सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों की उपस्थिति रही।



# जेसीबी मशीनों में आग लगने से सड़क पर आ गए हम

## पीड़ित पक्ष ने की कैबिनेट मंत्री यशोधरा सिंधिया से मुलाकात, मंत्री के निर्देश पर एक्टिव हुई पुलिस ने पकड़ा आरोपियों को

कटनी, यशभारत। कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत पन्ना मोड़ में दो जेसीबी मशीन को जलाने के मामले में शुक्रवार को पीड़ित पक्ष कलेक्ट्रेट पहुंचा। परिवार के सदस्य विजय कनकने ने कैबिनेट मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया से शिकायत करते हुए घटना की जानकारी दी और बताया कि जेसीबी मशीनों में आग लगने से हम सड़क पर आ गए हैं। बीस लोगों का पेट इससे चलता है। इस पर मंत्री सिंधिया ने एसपी सुनील जैन को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसपी जैन ने एफआइआर दर्ज होने की जानकारी दी तो पीड़ित का कहना था कि पुलिस ने दिखावे के लिए एफआइआर कर ली है, लेकिन आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया। एसपी जैन ने एक घंटे में निराकरण करने का आश्वासन दिया। इस दौरान पीड़ित ने थाने में पुलिस द्वारा सही व्यवहार न किए जाने की जाने की शिकायत भी की। विदित हो कि कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत पन्ना मोड़ निवासी हरिओम कनकने की जेसीबी मशीन क्रमांक एमपी 21 डीए 0318 व एमपी 54 डीए 0268 पेट्रोल पंप के सामने रोजाना की तरह खड़ी थी। बुधवार-गुरुवार की रात करीब दो बजे अज्ञात लोगों ने जेसीबी मशीनों में आग लगा दी थी। पुलिस ने राजेश कनकने की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। वारदात का कुठला पुलिस देर शाम तक खुलासा नहीं कर सकी। पुलिस अब भी पूछताछ जारी होने की बात कह रही है। मामले को लेकर थाना प्रभारी रोहित डोंगरे ने बताया कि आग लगाने की वारदात में शुभम बर्मन, नकुल निषाद व अजय सितपाल नामक युवक को हिरासत में लिया गया है। तीनों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

कटनी की प्रथम अत्याधुनिक
32-96 स्लाइस की मशीन
एडवांस्ड
सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
ई.सी.जी. रिपोर्टिंग मशीन सुविधा उपलब्ध
शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक चौदहा की क्लीनिक के सामने
आधुनिक टेक्नालाजी अपनाएं, बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
9893723087, 8319994375, 8103404843 फोन 07622-494511

JOHNSON®
Not just tiles, Lifestyles.



सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- जॉकी शोरूम के पास में कटनी-जबलपुर रोड, बरगवां, मो. 9425153498, 7067666668

लकवा एवं वात रोग विशेषज्ञ
डॉ. देबनाथ
लकवा, वात रोग, गठिया, हड्डियों जोड़ों का दर्द एवं सूजन कमर दर्द, घुटना, कंधा दर्द, सायटिका अर्थराइटिस का इलाज किया जाता है।
पता- शहीद द्वार नई बस्ती, कटनी
मो. 9826154533
नोट-28 वर्षों से आपकी सेवा में उपस्थित।







स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)